www.navpradesh.com

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026 शुक्ल पक्ष-दसमीं, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 165 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

प्रदेश को दिए उप मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव, आज अपने ही अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा स्कूल

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। मैं मुंगेली का 85 साल पुराना नगर पालिका स्कूल हूं। कभी मेरी चौखट से निकले कदमों ने प्रदेश की तकदीर लिखी। मेरी गोद में पलकर कोई उप मुख्यमंत्री बना, कोई मुख्य सचिव, तो किसी ने डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक बनकर समाज को नई दिशा दी। मैंने कभी किसी से कुछ नहीं मांगा, बस बच्चों के सपनों को अपने आंगन में संजोता रहा। लेकिन आज मेरी छत बारिश में रोती है, दीवारें दरक चुकी हैं, दरवाजे-खिड़कियां टूटकर मेरी बेबसी बयान करते हैं। फिर भी हर दिन 700 से ज्यादा मासूम आंखें मुझ पर भरोसा करके आती हैं। मैंने सबका भविष्य संवारा, पर मेरा वर्तमान आज भी किसी की नजर-ए-इनायत का इंतजार कर रहा है।

छत्तीसगढ़ को कई प्रतिभाएं देने वाला मुंगेली का ऐतिहासिक नगर पालिका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जर्जर कमरों को व्यवस्थित कर ठीक कराया जाएगा। शिक्षकों की कमी को नई भर्ती कर व्यवस्थित किया जा सकता है। व्यवस्था के तौर पर अटैच शिक्षकों को मूल शाला भेजा जा रहा है।
- **एलपी डाहिरे**, डीईओ, मुंगेली

■ **टपकती छत के नीचे पल रहे 700 से अधिक बच्चों के सपने**

■ **85 साल का गौरवशाली स्कूल, बदहाल भवन, दीवारें भी जर्जर**

■ **स्कूल की व्यवस्था सुधारने हर साल दावा, लेकिन काम कुछ नहीं**

एक कमरे में 65 से 70 विद्यार्थी बैठ रहे

1955 में बने इस स्कूल में वर्तमान में दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती हैं। पहली पाली में कक्षा 6वीं से 8वीं तक लगभग 250 विद्यार्थी और दूसरी पाली में 9वीं से 12वीं तक करीब 456 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। शिक्षा विभाग के मानकों के अनुसार एक कक्षा में 40 विद्यार्थियों से अधिक नहीं होने चाहिए, लेकिन यहां कमरों की कमी के कारण एक-एक कक्षा में 65 से 70 विद्यार्थियों को बैठाना मजबूरी बन गई है।

दो कमरे खस्ताहाल टीन की छत टूट चुकी

विद्यालय भवन की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय है। 13 कमरों में से पांच जर्जर घोषित किए गए थे। इनमें दो कमरों का पुनर्निर्माण तो हुआ, लेकिन आज भी दो कमरे खस्ताहाल हैं। कई कमरों की टीन की छतें टूट चुकी हैं और बरसात में पानी सीधे कक्षाओं में टपकता है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा भी बड़ा सवाल है। यह स्कूल आज तक समस्याओं से उबर नहीं पाया है।

नया स्टाफ सेटअप अब तक स्वीकृत नहीं

शिक्षकों की कमी शिक्षा व्यवस्था को और कमजोर कर रही है। गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी जैसे प्रमुख विषयों के व्याख्याताओं के पद लंबे समय से रिक्त हैं। पूर्व सेटअप के अनुसार स्कूल में 1 प्राचार्य, 12 व्याख्याता तीनों संकाय के सहित प्रयोगशाला व सहायक ग्रेड-3 के 2 पद होने चाहिए थे, लेकिन वर्तमान में शिक्षकों की कमी एक बड़ी समस्या बन गई है।

आज बेबाक

ये बढ़िया है। पहले नफरत का बाजार सजाओ। फिर वहां मोहब्बत की दुकान लगाओ और चिल्लाकर गाओ कि- प्यार बांटते चलो...। नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के आंदोलन में वोटों के सौदागर मोहब्बत का मसीहा बनकर हमदर्दी दिखाने गए और उन्हें उकसा कर पुलिसिया लाठी का दर्द सहने बेसहारा छोड़ दिया। बाद में उनके जख्मों पर मरहम लगाने लगे और उन्हें अपना बच्चा बताने लगे। हकीकतन इनके अपने बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। इन्हें तो देश के भविष्य पर टूटी आपदा को अपने लिए अवसर के रूप में बदलना है। जागो छात्रों जागो। इन बहुरुपियों को पहचानो।

विरोध : प्रियंका नारे लगाते एनडीए सांसदों के पास पहुंचीं, दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

संसद के बाहर एनडीए-इंडिया ब्लॉक आमने-सामने, नारेबाजी

नई दिल्ली/ए.। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसद भवन के बाहर एनडीए और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

विपक्ष के सामने एनडीए के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनडीए सांसद पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी एनडीए सांसदों के बिल्कुल करीब चली गईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच में आकर उन्हें रोका।

संसद के भीतर भी हंगामा जारी रहा। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 2 बजे लोकसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो भारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीजेपी को 4 बार बातचीत के लिए बुलाया: सरकार

नई दिल्ली/ए.। सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दावा किया कि बुधवार दोपहर से अब तक सीजेपी को चार बार प्रस्ताव भेजा गया है। दूसरी ओर सीजेपी ने सरकार का प्रस्ताव ठुकरा दिया। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि अगर सरकार बातचीत करना चाहती है तो जंतर-मंतर आए या प्रदर्शन स्थल के पास किसी न्यूट्रल जगह पर बातचीत करे। सौरव ने कहा- हमें पुलिस ने बताया कि सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया है, लेकिन हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे।

2024 नीट पेपरलीक के मुख्य आरोपी को क्लीनचिट

पटना/ए.। पेपर लीक पर देशभर में चल रहे आंदोलनों के बीच 2024 नीट-यूजी के मुख्य आरोपी को क्लीनचिट मिल गई है। सीबीआई ने गुरुवार को मीडिया से कहा कि इस केस में बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया को मुख्य आरोपी बनाया था, लेकिन सीबीआई जांच में उसके खिलाफ प्रश्न पत्र चुराने, उन्हें लीक करने के सबूत नहीं मिले। संजीव को इस मामले में जमानत मिल गई है, लेकिन वह अभी जेल में ही रहेगा। उस पर सिपाही बहाली पेपर लीक का भी केस है। सीबीआई ने कहा कि एजेंसी ने इस केस में प्रश्न पत्र की चोरी और उसे बांटने में शामिल हर व्यक्ति की पहचान की। उन कैंडिडेट्स की भी पहचान की जिन्हें, प्रश्न पत्र से फायदा हुआ।

छात्रों के समर्थन में अन्ना हजारे का मौन व्रत

मुंबई/ए.। दिल्ली में जंतर-मंतर पर सीजेपी का चल रहे विरोध-प्रदर्शन के पक्ष में आज अन्ना हजारे ने भी मौन आंदोलन किया। इस दौरान अन्ना के आंखों से आंसू आ गए। दिल्ली के छात्रों के समर्थन में अन्ना हजारे का मौन आंदोलन दो घंटे चला। उन्होंने सरकार से प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत की अपील की। अन्ना अहिल्यानगर में मौन आंदोलन कर रहे थे। दिल्ली के छात्रों के समर्थन में अन्ना हजारे का दो घंटे मौन आंदोलन चला। उन्होंने सरकार से बातचीत की अपील।

कांग्रेस और पूरा विपक्ष बौखलाहट में है और मुद्दाविहीन हो चुका है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है, तो उन्हें चर्चा से भागना नहीं चाहिए। किसी भी मुद्दे पर सार्थक चर्चा के लिए संसद से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता। जो भी कहना है, वह संसद के भीतर कहना चाहिए।
- **विष्णुदेव साय**, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

पेपर लीक की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई: प्रधानमंत्री मोदी

■ **फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएंगे, युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ नहीं, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे: पीएम**

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम का यह ऐलान कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष के प्रदर्शन के बीच आया है। सीजेपी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक 26 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। वे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और विभागों को इस बारे में जरूरी निर्देश दे दिए हैं। उनसे कहा गया है कि वे इस फैसले को लागू करने के लिए सभी जरूरी कार्रवाई करें। प्रधानमंत्री ने इसे छात्रों के हित में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की एक कड़ी बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला छात्रों के हितों की सुरक्षा के लिए सरकार की लगातार चल रही कोशिशों का ही हिस्सा है।

देशभर में 1734 फास्ट ट्रैक कोर्ट: भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। इनका गठन 11वें वित्त आयोग की सिफारिश पर किया गया था। आयोग ने देशभर में 1734 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के लिए स्पेशल फंड की अनुशंसा की थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पेपर लीक केस के लिए पहली बार फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश में अब तक पेपर लीक मामलों की सुनवाई सामान्य अदालतों में होती थी, इसलिए फैसला आने में कई साल लग जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है, ताकि फैसला तेजी से हो सके।

युवाओं का भविष्य सबसे ज्यादा मोदी ने खराब किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेपर लीक मामलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के ऐलान के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और छात्रों की तीन मांगों को दोहराया। राहुल गांधी ने कहा कि 'हमारे युवाओं के भविष्य को सबसे ज्यादा नुकसान आपने पहुंचाया है।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शिक्षा व्यवस्था पर कब्जा होने दिया, उसे बर्बाद होने दिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दिया।

नीट पेपर लीक राजनीतिक या दलगत मुद्दा नहीं: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जुलाई को एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नीट पेपर लीक की खबर मिलते ही सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे, इसलिए दोबारा परीक्षा कराई गई और समय पर परिणाम भी घोषित किए गए। पीएम ने कहा कि आगे ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं और दोषियों को देश के शीर्ष वकीलों की मदद से कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न करे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नीट पेपर लीक कोई राजनीतिक या दलगत मुद्दा नहीं, बल्कि देश के युवाओं और उनके भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है।

मध्य प्रदेश के सीएस अनुराग नीति आयोग के सीईओ नियुक्त

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन अब नीति आयोग के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंगे। केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी देते हुए बुधवार को आदेश जारी कर दिया। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन पदभार ग्रहण करने की तिथि से नीति आयोग के सीईओ का कार्यभार संभालेंगे।

लश्कर के दो आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ढहाए गए

श्रीनगर/ए.। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई लाल चौक में पुलिस बल के हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या के एक दिन बाद की गई। अधिकारियों के मुताबिक, जिन आतंकियों के मकान गिराए गए उनमें बिजबेहड़ा के गुरी गांव निवासी आदिल ठोकर और हसनपोरा निवासी हारून गनई शामिल है। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कॉन्स्टेबल कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमले में ये दोनों आतंकी भी शामिल थे। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित लाल चौक पर आतंकियों ने इस कायराना वारदात को अंजाम दिया था।

सीजेपी प्रोटेस्ट में विदेशी फंडिंग? दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली/ए.। नई दिल्ली में 20 जुलाई सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आह्वान पर काफी संख्या में स्टूडेंट्स चलो संसद मार्च में शामिल हुए थे। नीट पेपर लीक में जवाबदेही की मांग कर रहे स्टूडेंट्स पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज भी किया गया था। इस लाठीचार्ज में कई बच्चे घायल हुए थे। वहीं झड़प के दौरान कई पुलिसकर्मी में घायल हो गए थे। ऐसा भी सामने आया था कि प्रदर्शन में विदेशी फंडिंग की गई है, वहीं अराजक तत्वों ने छात्रों के प्रदर्शन पर कब्जा कर कर लिया है। याचिका दाखिल होने पर अब हाईकोर्ट इस मामले में 24 जुलाई शुक्रवार को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मार्च के दौरान हिंसा हुई, आवाजाही रोकी

इस जनहित याचिका को सतीश कुमार अग्रवाल द्वारा दाखिल किया गया है। याचिका में ये भी आरोप हैं कि मार्च के दौरान हिंसा हुई, लोगों की आवाजाही रोकी गई, पत्रकारों पर हमला हुआ, सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा ये भी आरोप लगाया हैं कि संसद की सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की गई और कई पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं।

ईरान का मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी बेस पर हमला

■ **दावा- जॉर्डन में टीएचएएडी डिफेंस सिस्टम तबाह, कुवैत में ड्रोन ठिकाने को बनाया निशाना**

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी/ ए.। ईरान ने गुरुवार को जॉर्डन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल जवाबी हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि जॉर्डन में तैनात अमेरिकी टीएचएएडी (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका-ईरान में तनाव से कच्चा तेल 98 डॉलर पार

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेजी है। ब्रेंट क्रूड ऑयल आज 4% बढ़कर 98 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है, जो पिछले 6 हफ्तों का उच्चतम स्तर है। वहीं अमेरिकी क्रूड भी 89.50 प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत में महंगाई और एनर्जी संकट बढ़ा दिया है। इससे भारतीय रुपए और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के फ्लो पर असर पड़ने की संभावना है। दूसरी ओर, कच्चे तेल के महंगे होने से भारत की ऑइल मार्केटिंग कंपनियों के रिटेल फ्यूल मार्जिन पर भारी दबाव पड़ा है, जिससे डीजल पर कंपनियों को प्रति लीटर 20.4 रुपए का घाटा हो रहा है।

1950 के दस्तावेज नहीं होने पर भी बच्चों को मिलेगा जाति प्रमाण पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जाति प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि किसी परिवार के सदस्य के पास पहले से वैध जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध है, तो केवल वर्ष 1950 के दस्तावेजों के अभाव में उसी परिवार के अन्य पात्र बच्चों को जाति प्रमाण पत्र देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

यह फैसला जस्टिस ए.के. प्रसाद की एकलपीठ ने निष्ठा बघेल और अजय बघेल की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाईकोर्ट ने ग्राम सभा के प्रमाणन को माना पर्याप्त

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि परिवार के किसी सदस्य का वैध जाति प्रमाण पत्र पहले से मौजूद है और ग्राम सभा या ग्राम स्तरीय समिति यह प्रमाणित करती है कि आवेदक उसी परिवार और उसी जाति का सदस्य है, तो संबंधित अधिकारी उसके आवेदन पर विधि के अनुसार त्वरित कार्रवाई करें।

गरमा-गरम

कांफ्रेंसिंग : मुख्य सचिव विकासशील ने कलेक्टर कांफ्रेंस में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की

नल से जल देने मिशन मोड पर काम करें कलेक्टर

■ **अधूरे कार्यों को हर हाल में 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में राज्य के सभी कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर नल (जल जीवन मिशन) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जल जीवन मिशन की नियमित मॉनिटरिंग हो

मुख्य सचिव ने प्रत्येक जिले को हर घर जल के लिए नया लक्ष्य निर्धारित करने एवं गांवों को इकाई मानकर शत-प्रतिशत नल जल कवरेज सुनिश्चित करने तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की नियमित मासिक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक की कार्यवाही का समय पर विभागीय पोर्टल पर अपलोड की जाए तथा जल जीवन मिशन की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर स्पष्ट आकलन, बेहतर योजना और प्रभावी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करें, ताकि राज्य के प्रत्येक परिवार को समयबद्ध रूप से हर घर नल से जल उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक व जिलों के कलेक्टर शामिल हुए।

पूर्ण योजनाओं का 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन करें

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में मिशन मोड में कार्य करते हुए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा कि वे प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी और हस्तांतरित योजनाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिन योजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

पांच साल में मध्य प्रदेश से 61,112 लड़कियां लापता

■ **3,241 लड़कियों का अब भी नहीं मिला सुराग**

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान लड़कियों के लापता होने के मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। विधानसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच प्रदेश में 61,112 लड़कियों के लापता होने के मामले दर्ज किए गए। इनमें से 3,241 लड़कियों का अब तक पता नहीं चल पाया है, जबकि बड़ी संख्या में लड़कियों को पुलिस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पांच वर्षों के आंकड़े

2021	: 9,407
2022	: 9,093
2023	: 11,250
2024	: 11,907
2025	: 13,146
कुल (2021-2025):	61,112

धमतरी पुलिस की कमान संभालने पर एसपी भावना पांडेय से मिले नगर के जनप्रतिनिधि

नगरी/ नवप्रदेश। धमतरी जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के प्रथम नगरी प्रवास के दौरान नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों ने उनसे सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षद अश्वनी निषाद, यश करण पटेल, अंबिका ध्रुव एवं राजा पवार उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने एसपी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए नगर की कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगरी की प्रमुख समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि बजरंग चौक एवं बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में दो ट्रैफिक जवानों की नियमित तैनाती होने से तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। साथ ही विद्यालय खुलने एवं छुट्टी के समय पुलिस की नियमित गश्त एवं पीसीआर वाहन संचालित किए जाने का आग्रह किया, ताकि छात्र-छात्राओं, विशेषकर बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।जनप्रतिनिधियों ने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। उनका कहना था कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित बनेगी। इसके अलावा नगर में बाहर से आकर निवास करने वाले लोगों का सत्यापन एवं मुसाफिर पंजी का नियमित संधारण कराने का भी आग्रह किया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

पुलिस अधीक्षक भावना पांडे ने जनप्रतिनिधियों द्वारा रखे गए सभी सुझावों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए नगरी के एसडीओपी को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धमतरी पुलिस की प्राथमिकता बेहतर कानून व्यवस्था, प्रभावी यातायात प्रबंधन, महिलाओं एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा तथा आम नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना है।

न्यूज गैलरी

स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने मनाई बघेल जयंती

भाटापारा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी राज एवं नगर इकाई भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में डॉक्टर खूबचंद बघेल स्मृति स्थानिय कुर्मी बोर्डिंग में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाज सुधारक व किसान नेता डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथि सेवाराम वर्मा रमेश वर्मा हेमलाल वर्मा सुरेश वर्मा एवं संस्था के प्राचार्य जय लाल कश्यप तथा शिक्षिकाओं ने माता सरस्वती डॉ खूबचंद बघेल महात्मा गांधी सरदार पटेल एवं स्वामी आत्मानंद जी के छायाचित्रों में माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। अतिथियों ने डॉ खूबचंद बघेल की जीवनी एवं उनके उल्लेखनीय कार्यों को बताएं ।विद्यापीठ की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य प्रदर्शन किए श्रीमती ठाकुर मैडम ने आभार व्यक्त किया ।अंत में बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया।

चरणदास महंत का अपने निवास पर सुनील माहेश्वरी ने किया स्वागत

भाटापारा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के भाटापारा आगमन पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने अपने भाटापारा स्थित निवास कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख के साथी बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना होगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और समाज के हर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ती रही है।

वेबसाइट अपडेट नहीं होने से शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल

छत्तीसगढ़ एजुकेशन पोर्टल पर अब भी पूर्व मुख्यमंत्री की ही तस्वीर

- **गूगल सर्च में शिक्षा पोर्टल के साथ दिख रही भूपेश बघेल की फोटो, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जगह पुरानी जानकारी से लोगों में भ्रम**

छुरा/नवप्रदेश। डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के इस दौर में सरकारी विभागों की आधिकारिक वेबसाइटें शासन की पहचान मानी जाती हैं। इन पोर्टलों के माध्यम से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं, आदेशों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों तक पहुंच मिलती है। ऐसे में यदि सरकारी पोर्टलों पर पुरानी या अप्रासंगिक जानकारी प्रदर्शित हो, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि आम लोगों के बीच भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न करता है।

ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े छत्तीसगढ़ एजुकेशन पोर्टल को

लेकर सामने आया है। गूगल पर Chhattisgarh Education Portal सर्च करने पर दिखाई देने वाले पोर्टल के प्रीव्यू (क्ष्द्द1द्वद्2) में अब भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर प्रदर्शित हो रही है, जबकि प्रदेश में सरकार बदले काफी समय बीत चुका है और वर्तमान में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

मामले का स्क्रीनशॉट भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट रूप से Government of Chhattisgarh – Education Portal के साथ पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर दिखाई दे रही है। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर शासन के महत्वपूर्ण पोर्टलों को समय-समय पर अपडेट करने की जिम्मेदारी किसकी है और संबंधित विभाग अब तक इस ओर गंभीर क्यों नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइटों पर अद्यतन जानकारी होना जरूरी

सरकारी वेबसाइटें केवल सूचना देने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे शासन की आधिकारिक पहचान भी होती हैं। इन पर प्रदर्शित प्रत्येक जानकारी शासन के वर्तमान स्वरूप को दर्शाती है। यदि मुख्यमंत्री, मंत्री या अन्य महत्वपूर्ण पदों से संबंधित जानकारी समय पर अपडेट नहीं की जाती, तो इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।विशेषज्ञों का भी मानना है कि सरकारी पोर्टलों का नियमित ऑडिट और अपडेट किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को हमेशा सही और ताजा जानकारी उपलब्ध हो सके।

शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है पोर्टल

छत्तीसगढ़ एजुकेशन पोर्टल का उपयोग प्रदेश के हजारों शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी और विद्यार्थी करते हैं। नियुक्ति, पदस्थापना, स्थानांतरण, पदोन्नति, परीक्षा, प्रशिक्षण और विभिन्न शैक्षणिक आदेश इसी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराए जाते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण पोर्टल पर यदि पुरानी जानकारी बनी रहे तो विभाग की तकनीकी निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

विभाग से स्पष्टीकरण की अपेक्षा

यह भी संभव है कि गूगल का सर्च परिणाम पुराने डेटा (कैश) के आधार पर तस्वीर दिखा रहा हो या पोर्टल के किसी पृष्ठ पर पुरानी जानकारी होने के कारण यह स्थिति बनी हो। हालांकि, यदि ऐसा है तो भी संबंधित विभाग का दायित्व बनता है कि वह वेबसाइट और सर्च इंजन दोनों स्तरों पर आवश्यक अपडेट सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो।

जनपद पंचायत नगरी में नए सीईओ नारद मांझी ने संभाला कार्यभार

नगरी / नवप्रदेश। जनपद पंचायत नगरी में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नारद मांझी ने पदभार ग्रहण कर विधिवत कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सरपंच संघ के पदाधिकारियों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने उनसे सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पंचायतों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पंचायतों के समग्र विकास के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवपदस्थ सीईओ नारद मांझी के नेतृत्व में जनपद पंचायत नगरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा पंचायत स्तर पर लंबित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित होगा।

नवपदस्थ सीईओ नारद मांझी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं सहभागिता के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत रतावा के सरपंच उमेश देव, लाटियारा सरपंच रूपेश ध्रुव, टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी, जैतपुरी सरपंच डोमार सिंह नेताम, कल्लेमेटा सरपंच रूपेंद्र मरकाम, पांवद्वार सरपंच राकेश नेताम, हिन्चापुर सरपंच अमन ध्रुव, सेमरा सरपंच कविता ध्रुव, आमगांव सरपंच कमिलता ध्रुव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : किरण देव

केन्द्र सरकार सदन में चर्चा के लिए तैयार है,लेकिन कांग्रेस और उसके नेता चर्चा करने से भाग रहे हैं

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए छात्रों का हित सबसे महत्वपूर्ण है और वे इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्णय ले रहे हैं। श्री देव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

श्री देव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने छात्रों के इस आंदोलन में अपने कार्यकर्ताओं की घुसपैठ करा कर छात्रों के आंदोलन का स्वरूप ही बदल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस विषय को पहले दिन से ही गंभीरता से लेकर यह निर्णय किया है कि छात्रों का हित सर्वोपरि है व उनके नुकसान की भरपाई भी होगी। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं का भाषण हमेशा प्रधानमंत्री श्री मोदी के विरोध में होता है।

संविधान की किताब लेकर राहुल लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि राहुल गांधी हाथ में संविधान की किताब लेकर घूमते हुए लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। 'संविधान खतरे में है' कहकर संविधान को खतरे में डालने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। प्रधानमंत्री आवास के सामने बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी आन्तरिक योजना के आधार पर अपने कांग्रेसी साथियों के साथ वहाँ पर धरने पर बैठ गए, जबकि वह पूरा क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र है। वहाँ पर किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन प्रतिबंधित है। श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों का मान-सम्मान बढ़ाया है। इन 12 वर्षों में बहुत-सी योजनाएँ एवं कार्यक्रम जनहित में क्रियान्वित किए गए हैं। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी का अनुसरण विश्व के दूसरे देश कर रहे हैं। 16 से ज्यादा देशों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर आंदोलन कर रहे लोगों को भड़काने का काम कर रही है। बिलो दि बेल्ट की राजनीति करना राहुल गांधी और कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र हो गया है। कांग्रेस पार्टी एवं उसके नेताओं ने छात्रों के इस आंदोलन को अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बलि चढ़ा दिया। अगर छात्रों का हित चाहते तो छात्रों के आंदोलन को राजनीतिक रूप नहीं देते।

वाटर कैनन, आंसू गैस, पत्थर-डंडे से प्रहार भी हम पर और एफआईआर भी: दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस की कार्रवाई को एकतरफा बताया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कल राज्य सरकार के मंत्रियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन पर हमला बोला। इस हमले के बाद पुलिस ने शाम को हमारे कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज की है।

हमला हमारे दफ्तर पर हुआ । वाटर कैनन भी हम पर, आंसू गैस भी हम पर, पत्थर और डंडे से प्रहार भी हम पर और एफआईआर भी हम पर। घटना के जितने भी वीडियो हैं वह बता रहे कि सारे आक्रमण, सारे पत्थर आदि भाजपा की तरफ से कांग्रेस की तरफ आ रहे थे। पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई क्यों की? पुलिस भाजपा की अनुषांगिक संगठन बन गयी है। श्री बैज ने गुरुवार को एक पत्रवार्ता में कहा कि यह आपत्तिजनक है कि कांग्रेस कार्यालय पर किये गये हमले में भाजपा सरकार के सभी मंत्री शामिल थे। जिन मंत्रियों के ऊपर राज्य के लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जवाबदारी है।

प्रदर्शन में शामिल मंत्रियों को तत्काल बर्खास्त करना चाहिए

बैज ने कहा कि वे सारे मंत्री विपक्षी दल के दफ्तर पर हमला करने आये थे। मंत्रियों ने संविधान की शपथ और सम्यक भाव से अपने कर्तव्य के निर्वहन की जो शपथ ली है उसका उल्लंघन है। इन मंत्रियों का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इन मंत्रियों को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा ने सत्ता के दंभ में सारी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया है। सत्ता रूढ़ दल ने अपने सत्ता बल का दुरुपयोग किया है। यह प्रदर्शन एक संगठन के रूप में भाजपा का नहीं सरकार का था। मुख्यमंत्री इस प्रदर्शन में नहीं आए लेकिन उनकी पूरी सरकार आई थी। श्री बैज ने कहा कि एक तरफ युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, पेपर लीक करवा रहे दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, ऊपर से विरोध करने पर विरोधी दल के दफ्तर पर हमले कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर पत्थरों से, चप्पलों से, हरे नारियल के खोल से, पानी पाऊच से तथा डंडे फेंक कर प्रहार किया। भाजपा की तरफ से फेंके जा रहे इन पत्थरों आदि से कांग्रेस के कार्यकर्ता घायल हुए। कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता इस हमले में घायल हुए। हमारी महिला कार्यकर्ता भी पत्थरों से घायल हुई। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं के आतंक को रोकने के बजाय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर वाटर केनन से प्रहार किया।

न्यूज गैलरी

नशीली दवाइयों की तस्करी के आरोपी को 20 साल की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की तस्करी के मामले में जिला न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और दो लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमनि की राशि जमा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त दो वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा। मामले की अंतिम सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) किरण थवाइत की अदालत में पूरी हुई। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू ने अदालत को बताया कि आरोपी नवीन नायक (37), निवासी कालीबाड़ी ढाल, नेहरूनगर को 3 अगस्त 2021 को सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालीबाड़ी चौक के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री कर रहा है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से क्लोरफेनिरामाइन मैलेट, कोडीन फॉस्फेट सिरप तथा क्यूरेक्स ब्रांड की कुल 7.4 लीटर प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की गईं।

कुलपति डॉ. चंदेल राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी पार्क योजना की स्टीयरिंग समिति में

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी पार्क योजना की स्टीयरिंग सह प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग समिति का सदस्य बनाया गया है। मंत्रालय ने इस आशय का आदेश जारी किया है। राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी पार्क योजना का उद्देश्य देश में जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत विभिन्न राज्यों में जैव प्रौद्योगिकी पार्कों की स्थापना की जा रही है। इन पार्कों की स्थापना राज्यों के सहयोग से की जा रही है, जिसके लिए भारत सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर गठित यह स्टीयरिंग सह प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग समिति विभिन्न राज्यों में प्रस्तावित बायोटेक पार्कों के परियोजना प्रतिवेदनों को मंजूरी देने के साथ-साथ उनके क्रियान्वयन की निगरानी भी करेगी। समिति जैव प्रौद्योगिकी पार्कों से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन और समन्वय का कार्य भी करेगी।

बिजली गिरने से मृत व्यक्ति की पत्नी को 4 लाख रुपए की मदद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए राहत का माध्यम बना है। आकाशीय बिजली गिरने से मृत व्यक्ति की पत्नी द्वारा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 लाख रुपये की मुआवजा सहायता राशि स्वीकृत कर उनके बैंक खाते में अंतरित कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झरन (मसरिघाट), पोस्ट घुमरा, तहसील तपकरा, जिला जशपुर निवासी मुनिका बाई विश्वकर्मा के पति की आकाशीय बिजली गिरने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद लंबे समय तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आवेदन प्रस्तुत कर सहायता की मांग की थी। आवेदन प्राप्त होते ही मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने प्रकरण का परीक्षण कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और आवेदिका के बैंक खाते में 4 लाख रुपये की मुआवजा सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया।

स्पैम रिपोर्ट से जूझ रहा निगम का वॉट्सएप चैटबॉट, टैक्स वसूली व्यवस्था पर संकट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रॉपर्टी टैक्स वसूली को डिजिटल और आसान बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया रायपुर नगर निगम का वॉट्सएप चैटबॉट अब स्पैम रिपोर्टिंग की समस्या से जूझ रहा है। बकायादारों को डिमांड नोटिस भेजने वाले निगम के अधिकृत नंबर को बड़ी संख्या में स्पैम बताकर रिपोर्ट किए जाने के कारण वह ब्लॉक हो गया। इसके बाद शुरू किए गए नए चैटबॉट नंबर पर भी इसी तरह की शिकायतें मिलने लगी हैं, जिससे निगम की चिंता बढ़ गई है। नगर निगम ने हाल ही में नागरिकों को घर बैठे प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वॉट्सएप चैटबॉट सेवा शुरू की थी। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से करदाता अपना बकाया देख सकते हैं और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शुरुआत में इस व्यवस्था को अच्छा प्रतिसाद मिला और महज 15 दिनों में करीब 2.95 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा हुआ। हालांकि, अधिकारियों के अनुसार बकाया टैक्स की सूचना और डिमांड नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने निगम के अधिकृत नंबर को स्पैम के रूप में रिपोर्ट करना शुरू कर दिया। लगातार शिकायतें मिलने के कारण पहला चैटबॉट नंबर बंद हो गया और अब नए नंबर पर भी स्पैम रिपोर्ट बढ़ने लगी हैं। राजस्व समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि नगर निगम के प्रत्येक जोन में करीब 3,500 बड़े बकायादार हैं। पहले इन्हें जनवरी-फरवरी में नोटिस भेजे जाते थे, लेकिन इस बार अभियान जुलाई से ही शुरू कर दिया गया।

प्रेस कांफ्रेंस: राज्य में डिजिटल सुशासन को नई दिशा प्रदान करने निरंतर हो रहा काम

105 करोड़ रुपये से 4 सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप की होगी स्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव अंकित आनंद एवं सीईओ चिप्स मयंक अग्रवाल ने विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर छत्तीसगढ संवाद के आडिटोरियम में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डिजिटल नवाचारों के माध्यम से सुशासन सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित विकास में छत्तीसगढ़ बन रहा है, अग्रणी राज्य सेवा सेतु, भारतनेट, एआई और डिजिटल कनेक्टिविटी से नागरिकों को अधिक सुगम सेवाएं मिल रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्य में डिजिटल सुशासन को नई दिशा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है। नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार, डिजिटल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, ए.आई., साइबर सुरक्षा एवं नवाचार आधारित शासन व्यवस्था के माध्यम से राज्य में तकनीक-संचालित प्रशासन को नई गति मिली है।

सेवा सेतु पोर्टल में 35 विभागों की 564 सेवाएं उपलब्ध

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव ने प्रेस को बताया कि सेवा सेतु बना नागरिक सेवाओं का सबसे बड़ा डिजिटल मंच सेवा सेतु राज्य की सबसे बड़ी एकीकृत डिजिटल नागरिक सेवा पहल के रूप में स्थापित हुआ है। 29 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा इसका उन्नत संस्करण प्रारम्भ किया गया। वर्तमान में नागरिकों के लिए इस पोर्टल में 35 विभागों की 564 सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा विगत ढ़ाई वर्षों में 85 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए तथा 78 लाख से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्ड, विवाह पंजीयन, नल कनेक्शन आदि सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता से नागरिकों को घर के निकट ही सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। सेवा सेतु में ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल दस्तावेज सत्यापन, क्यूआर कोड आधारित सत्यापन, एसएमएस एवं व्हाट्सएप सूचना तथा ऑनलाइन भुगतान जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन तकनीकी नवाचारों से नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं सुनिश्चित हो रही हैं।

4 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन

साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार की संस्था सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफइंडिया (एसटीपीआई) के मध्य राशि रूपये 105.3 करोड़ की लागत से राज्य में चार सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप की स्थापना के लिए एमओयू किया गया है, जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन दोनों के द्वारा बराबर राशि रुपये व्यय किये जायेंगे । प्रस्तावित सेंटर ऑफएंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वन एवं औषधीय उत्पाद आधारित मेडटेक, स्मार्ट सिटी समाधान तथा स्मार्ट कृषि जैसे चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन दिया जायेगा।

50 चयनित स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण

युवाओं के लिए नई संभावनाएं राज्य में भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य के मूल निवासियों के लिए सी.एम. आईटी फेलोशिप प्रारंभ की गई है। अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नया रायपुर के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत आरक्षण नियमों के तहत 50 चयनित स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण के साथ विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यानुभव प्रदान किया जा रहा है, जिससे राज्य के लिए दक्ष आईटी विशेषज्ञों का एक मजबूत समूह तैयार हो सके।

एआई आधारित कौशल विकास और अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा

भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभाग ने ए.आई. को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है । छत्तीसगढ़ एआई मिशन के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप एवं शासकीय अधिकारियों के लिए ए.आई. आधारित कौशल विकास एवं अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा । राज्य में ए.आई. सेंटर ऑफएक्सीलेंस, ए.आई. डेटा लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे नवाचार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

भाजपा सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का काम किया: पासवान

सभी संत गुरु रविदास के संकल्पों से प्रेरणा लें और समाज में एकता और समरसता का संदेश दें

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान ने कहा है कि इस वर्ष संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्म जयंती का कार्यक्रम है। भाजपा का ध्येय और विचार है राष्ट्र प्रथम व सांस्कृतिक विरासत। सांस्कृतिक विरासत में समरसता के संत प्रतिनिधि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज उनके जीवन का दर्शन उनके विचार और उनका संदेश है कि समाज में जो भेदभाव है वह दूर कैसे हो? आज उनके जीवन से हम क्या प्रेरणा ले सकते हैं? श्री पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र पॉलीटिकल पार्टी है जो एक वैचारिक आंदोलन भी है और यह वैचारिक आंदोलन हमें प्रेरित करता है कि समाज को जोड़ने का काम कैसे करें।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पासवान ने एक पत्रवार्ता में कहा कि एक तरफ ऐसी शक्तियां हैं जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती है लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त हमारी पार्टी देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है ।650वीं जन्म जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी। पूरे देश में संपर्क होगा और गुरु रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन उनके विचारों को हम पूरे देश में लेकर जाने वाले हैं। श्री पासवान ने कहा कि सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती हैं, यह हमें गुरु रविदास महाराज बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरु नानक हमारे इतिहास के प्रहरी हैं। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा विचार परिवार है, हमारा दर्शन है, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शसनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री पासवान ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे।

सर्वमंगलमय वर्षावास : सदर बाजार से निकली भव्य शोभायात्रा, विवेकानंद नगर तक भक्तिमय वातावरण

रायपुर/नवप्रदेश। जैन समाज के लिए बुधवार का दिन आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा का सा बना। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति (अंतर्गत ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट) की ओर से आयोजित सर्वमंगलमय वर्षावास के तहत परम पूज्य मुनि संवेगरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा-5 का विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में भव्य मंगल प्रवेश कराया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी, जयघोष, मंगलगीत और धर्मध्वजाओं के बीच निकली शोभायात्रा ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जसराज लूणीया ने बताया कि शोभायात्रा ऋषभदेव मंदिर, सदर बाजार से प्रारंभ होकर सिटी कोतवाली, पेंशनबाड़ा, टैगोर नगर मार्ग होते हुए विवेकानंद नगर पहुंची। श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजाएं, स्वागत पोस्टर और सिर पर मंगल कलश लेकर चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों ने साधु-साध्वी भगवंतों का पुष्पवर्षा और श्रद्धाभाव से स्वागत किया।

विवेकानंद नगर पहुंचने पर साधु-साध्वी भगवंतों ने संभवनाथ जिनालय में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में मंगल प्रवेश के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

सीए ऑफिस में लाखों की चोरी का खुलासा, पुराना कर्मचारी ही निकला आरोपी, 7.80 लाख रुपये जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के चार्टर्ड एकाउंटेंट तारवानी एंड एसोसिएट के ऑफिस में लाखों की चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि ऑफिस का पुराना कर्मचारी ही निकला, जिसने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लाख 80 हजार रुपए जब्त किया है। यह पूरा मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है।

अपर्णा नायक ने थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह सुंदर नगर 627 ओम सोसायटी रोड थाना डी.डी.नगर रायपुर में रहती है और सी.ए. तारवानी एंड एसोसियेट ऑफिस सिविल लाइन्स रायपुर में कैशियर के पद पर काम करती है। 21 जुलाई की सुबह जब ऑफिस का चालक पहुंचा, तो पता चला कि अज्ञात आरोपी ने 20 जुलाई की रात में ऑफिस में घुसकर कटर से कैश काउंटर का लॉक तोड़ दिया और नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 331(4), 305 बी.एन.एस के तहत मामला दर्ज की और जांच शुरु की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही ऑफिस के कर्मचारियों से पूछताछ कर सीसीटीवी खंगाला गया। इसी दौरान टीम ने ऑफिस के पूर्व कर्मचारी उमेश पोर्ते को बिलासपुर से पकड़ा। पूछताछ में उसमें बताया कि उसे दुकान में रखने वाले नगदी रकम के संबंध में जानकारी रहती थी, जिसके कारण उसने अपने साथी लक्ष्मीनारायण ध्रुव के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

सांसद बृजमोहन के सवाल पर केंद्र ने संसद में किया स्पष्ट, राज्यों को दिए सख्त निर्देश

बायोमेट्रिक फेल होने पर भी मिलेगा राशन

रायपुर/नई दिल्ली/ रायपुर/ नवप्रदेश। राशन वितरण में बायोमेट्रिक फेल होने या नेटवर्क की समस्या के कारण अब किसी भी गरीब का राशन नहीं रोका जा सकेगा। केंद्र सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में वैकल्पिक प्रमाणीकरण व्यवस्था के जरिए हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। यह जानकारी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली और वन नेशन वन राशन कार्ड योजना से जुड़े सवाल के जवाब में दी गई।

लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा सहित दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों और दूसरे राज्यों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों को राशन लेने में आने वाली दिक्कतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि कई बार ई-पॉस मशीनों में फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने, सर्वर डाउन रहने और इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या के कारण पात्र हितग्राहियों को राशन से वंचित होना पड़ता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐसे मामलों में क्या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

संसद में जवाब देते हुए उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तकनीकी कारणों से किसी भी पात्र हितग्राही का राशन नहीं रोका जाएगा। उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट के अलावा मल्टी-फिंगर ऑथेंटिकेशन, आईआरआईएस स्कैन और आधार आधारित ओटीपी जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यदि किसी सदस्य का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है तो परिवार का कोई अन्य पात्र सदस्य राशन प्राप्त कर सकता है। विशेष परिस्थितियों में नामित व्यक्ति (नॉमिनी) के माध्यम से भी राशन वितरण की व्यवस्था की गई है।

सरकार ने यह भी बताया कि नेटवर्क बाधित होने की स्थिति में ई-पॉस मशीनों को ऑफलाइन मोड में संचालित करने की सुविधा दी गई है, ताकि इंटरनेट नहीं होने पर भी राशन वितरण प्रभावित न हो। केंद्र ने राज्यों को निर्देशित किया है कि कमजोर नेटवर्क, सर्वर की समस्या या बायोमेट्रिक विफलता के कारण किसी भी गरीब, प्रवासी या जनजातीय लाभार्थी को उसके निर्धारित कोटे का खाद्यान्न मिलने से वंचित न किया जाए।

एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी पर सवाल, सीएम हेल्पलाइन पहुंचीं गैस एजेंसी की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय पर एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं की जा रही है। कई लोगों को सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के गोदाम पर घंटों कतार में खड़ा होना पड़ रहा है, जबकि कुछ मामलों में बिना डिलीवरी का प्रयास किए ही ÷उपभोक्ता घर पर नहीं मिला÷ बताकर बुकिंग निरस्त किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

मामले को लेकर कई उपभोक्ताओं ने छत्तीसगढ़ सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतों के बाद खाद्य विभाग ने हस्तक्षेप करते हुए कई मामलों का निराकरण कराया और संबंधित उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया। हालांकि, जिन लोगों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई, उन्हें अब भी समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एलपीजी जैसी आवश्यक सेवा में लापरवाही आम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित गैस एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

सुविचार

रिश्ता वही सर्वश्रेष्ठ होता है जिसमें शब्द कम हों और विश्वास ज्यादा हो। अहंकार कम हो और प्यार ज्यादा हो।

पेपरलीक पर संसद में चर्चा जरूरी

नीट पेपर लीक मामले को लेकर पिछले एक माह से चल रहा आंदोलन अब राजधानी नई दिल्ली से निकलकर देश के कई राज्यों तक फैल गया है। जगह जगह छात्र संगठन इस मुद्दे को लेकर आंदोलित हो उठे हैं। सड़क से इस समस्या का समाधान नहीं होगा इसके लिए, तो अब संसद में ही सार्थक चर्चा होनी निहायत जरूरी है। विपक्षी पार्टियों भी सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रही हैं और सरकार भी चर्चा के लिए तैयार है किन्तु आश्चर्य की बात है कि तीन दिन गुजर गये संसद में इस पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष नियम प्रक्रिया का हवाला देकर अपनी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं जिसे देखकर तो यही लगता है कि दोनों ही पक्ष पेपरलीक के मुद्दे पर चर्चा के लिए कतई गंभीर नहीं हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि पहले शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें उसके बाद ही सदन में दस मुद्दे पर चर्चा हो। जबकि उनकी सहयोगी पार्टी जो लोकसभा में कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है उस समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का कहना है कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा बाद में हो सकता है पहले सदन में छात्रों के साथ हुई बर्बरता पर चर्चा कराई जाये। इससे स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन में ही पेपर लीक मामले को लेकर सदन में चर्चा कराने के मुद्दे पर मतभेद हैं। इस मामले में अखिलेश यादव का कहना सही है कि पहले सदन में चर्चा की जाये बाद में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर भी सदन में आवाज उठाई जाये। वैसे भी सदन में विपक्ष को पहले पेपर लीक मामले और छात्र आंदोलन के बाद हुई पुलिस की कार्यवाही को लेकर सरकार से सवाल करना चाहिए और पेपरलीक मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से जवाब मांगना चाहिए। इसलिए जरूरी है कि पहले संसद में कायम गतिरोध को तोड़ा जाये और तत्काल पेपरलीक मामले पर चर्चा कराई जाये। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अस्वास्थ किया है कि पेपरलीक पर जल्द ही फैसला कराने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा ताकि पेपरलीक मामले में शामिल दोषी लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो उन्होंने कहा है कि देश के युवाओं का भविष्य हमारी प्राथमिकता है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि पूरा एजुकेशन सिस्टम बदला जाएगा यह तभी संभव है जब संसद में इस पर विस्तृत चर्चा कराई जाएगी।

थर्मल इंजीनियरिंग का नया मंत्र: क्लीन एनर्जी, सुरक्षित भविष्य

योगेश कुमार गोयल

थर्मल इंजीनियरिंग के महत्व और योगदान को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष 24 जुलाई को 'राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियर दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य थर्मल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को सार्वजनिक स्तर पर उजागर करना है। दरअसल थर्मल इंजीनियरिंग ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा प्रबंधन इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी होती है। थर्मल इंजीनियरिंग उन अवस्थाओं के अध्ययन और उपयोग को समझने में सहायक होती है, जहां ऊष्मा, ऊर्जा और उसकी व्यवस्था का विशेष महत्व होता है। थर्मल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग का ही एक विशेष उप-विषय है, जो ऊष्मा ऊर्जा की गति और स्थानांतरण से संबंधित है। ऊर्जा को दो माध्यमों के बीच स्थानांतरित किया जा सकता है अथवा ऊर्जा के अन्य रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है।

एक थर्मल इंजीनियर का कार्य यांत्रिक प्रणालियों का रखरखाव, निर्माण या मरम्मत करना है, जिसमें ऊर्जा के अन्य रूपों में ऊष्मा हस्तांतरण प्रक्रिया शामिल होती है। थर्मल इंजीनियर विश्लेषण करता है कि यांत्रिक ऊष्मा स्रोत विभिन्न भौतिक और औद्योगिक प्रणालियों के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं। घरों तथा गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाले एयरकंडीशनर तथा रेफ्रिजरेटरों में थर्मल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल होता है। थर्मल इंजीनियरिंग के जरिये इंजीनियर ऊष्मा को अलग-अलग माध्यमों में उपयोग करने के अलावा ऊष्मीय ऊर्जा को दूसरी ऊर्जा में भी परिवर्तित कर सकते हैं। थर्मल इंजीनियरिंग वास्तव में बंद या खुले वातावरण में वस्तुओं को गर्म या ठंडा रखने की प्रक्रिया है और थर्मल इंजीनियर ऊष्मीय ऊर्जा को केमिकल, मैकेनिकल या विद्युतीय ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनें तैयार करते हैं, जिनके जरिये वे ऊष्मा को नियंत्रित करते हैं। हमारे घरों या दफ्तरों में इस्तेमाल होने वाली बिजली इसी ऊष्मीय ऊर्जा से बनती है और यह बिजली बनाने का काम करते हैं थर्मल पावर स्टेशन।

ऊष्मीय शक्ति संयंत्र या ताप विद्युत केन्द्र के नाम से भी जाने जाने वाले थर्मल पावर स्टेशन ऐसे विद्युत उत्पादन संयंत्र होते हैं, जिनमें प्रमुख टरबाइनें भाप से चलाई जाती हैं और यह भाप कोयला, गैस इत्यादि को जलाकर पानी को गर्म करके प्राप्त की जाती है। पानी गर्म करने के लिए ईंधन का प्रयोग किया जाता है, जिससे उच्च दाब पर भाप बनती है और बिजली पैदा करने के लिए इसी भाप से टरबाइनें चलाई जाती हैं। थर्मल पावर स्टेशनों में ऊष्मीय ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित किया जाता है और इसके लिए भाप से चलने वाली टरबाइनों का इस्तेमाल किया जाता है। भाप बनाने के लिए पानी को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है, जिसके लिए



कोयला, सोलर हीट, न्यूक्लियर हीट, कचरा तथा बायो ईंधन उपयोग किया जाता है।

दुनिया के कई देशों में अभी भी बिजली पैदा करने के लिए भाप से चलने वाली टरबाइनों का उपयोग किया जाता है किन्तु पर्यावरणीय खतरों को देखते हुए अब धीरे-धीरे बिजली पैदा करने के लिए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के अन्य स्रोतों को ही महत्व दिया जाने लगा है। भारत में इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हजारों मेगावाट क्षमता की कुछ अत्याधुनिक मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाएं शुरू भी की गई हैं। हजारों मेगावाट के कुछ सोलर प्लांट पहले से ही ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे भी रहे हैं। दरअसल थर्मल पावर स्टेशनों में भाप पैदा करने के लिए कोयला जलाने से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचती है क्योंकि इस प्रक्रिया में निकलने वाली हानिकारक गैसें हवा में मिलकर पर्यावरण को बुरी तरह प्रदूषित करती हैं, साथ ही कोयला या अपशिष्ट जलाने के बाद बचने वाले अवशेषों के निबटारे की भी बड़ी चुनौती मौजूद रहती है।

हालांकि भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए कोयले के अलावा ऊर्जा के अन्य स्रोतों का भी इस्तेमाल किया जाता है किन्तु अधिकांश बिजली कोयले के इस्तेमाल से ही पैदा होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोयले को जलाया जाना और इससे होने वाली गर्मी, पारे के प्रदूषण का मुख्य कारण है। विश्वभर में करीब चालीस फीसदी बिजली कोयले से प्राप्त होती है जबकि भारत में करीब साठ फीसदी बिजली कोयले से, सोलह फीसदी अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा बायो गैस से, चौदह फीसदी पानी से, आठ फीसदी गैस से, 1.8 फीसदी न्यूक्लियर ऊर्जा से तथा 0.3 फीसदी डीजल से पैदा होती है। वैसे बिजली पैदा करने के लिए भले ही ऊर्जा के किसी भी स्रोत का इस्तेमाल किया जाए, प्रत्येक थर्मल पावर प्लांट में इसके लिए बॉयलर का इस्तेमाल होता है, जिसमें ईंधन को जलाकर ऊष्मीय ऊर्जा पैदा की जाती है, जिससे पानी को गर्म कर भाप बनाई जाती है, जो टरबाइनों को चलाने में इस्तेमाल होती है।

वायु प्रदूषण आज दुनियाभर में एक बड़े स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रहा है और इस समस्या के लिए थर्मल पावर प्लांटों से निकलने वाला उत्सर्जन भी एक बड़ा कारण है। इस समस्या से निपटने के लिए एक दशक से भी अधिक समय से उत्सर्जन मानकों को पूरा करने और नए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को रोककर अक्षय ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी इन उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करता रहा है किन्तु थर्मल पावर प्लांट के लिए उत्सर्जन मानकों को लागू करने का मामला वर्षों से अधर में लटका है। पर्यावरण पर कार्यरत कुछ संस्थाओं द्वारा निरंतर मांग की जा रही है कि पर्यावरण मंत्रालय उत्सर्जन मानकों का पालन कराते हुए थर्मल पावर प्लांटों को प्रदूषण के लिए उत्तरदायी बनाए और अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नए थर्मल पावर प्लांटों का निर्माण रोका जाए।

माना जा रहा है कि उत्सर्जन मानकों का पालन करने में देरी के चलते सालभर में 70 हजार से ज्यादा मौतें समय पूर्व हो रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था ग्रीनपीस के अनुसार यदि उत्सर्जन मानकों को समय से लागू किया जाता तो सल्फर डाईऑक्साइड में 48 फीसदी, नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड में 48 फीसदी और पीएम उत्सर्जन में 40 फीसदी तक की कमी की जा सकती थी, जिससे समय पूर्व हो रही इन मौतों से बचा जा सकता था। थर्मल पावर प्लांटों में बिजली बनाए जाने के लिए कोयला जलाने के दौरान उससे बनी राख का 10 फीसदी से भी अधिक हिस्सा चिमनियों के जरिये धुएं के साथ ही वातावरण में घुल जाता है, जो गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का कारण बनता है। बहरहाल, आज जिस प्रकार दुनियाभर में पर्यावरणीय खतरों के मद्देनजर थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे में भारत को भी कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहन देना चाहिए। समय के साथ अब जरूरत इसी बात की है कि हम अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाएं और बिजली बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से ऊर्जा के इन्हीं सुरक्षित स्रोतों के इस्तेमाल को बढ़ावा दें।

हम मौन क्यों?

मोहन तिवारी

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कई पत्रकारों,जिनमें रोहित रंजन, देव कोटक, शेफाली सहित अन्य मीडिया कर्मियों के साथ मारपीट, मोबाइल और घड़ी छीनने तथा कपड़े फाड़ने जैसी घटना आरोप सामने आई हैं। ये केवल कुछ पत्रकारों पर हमला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण स्तंभ पर हमला है। लोकतंत्र में धरना देना, प्रदर्शन करना और सरकार का विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण अधिकार है पत्रकार का, बिना भय और दबाव के घटनाओं की रिपोर्टिंग करना । यदि किसी आंदोलन में कवरेज कर रहे पत्रकारों को इसलिए निशाना बनाया जाए कि वे कैमरा लेकर वहां मौजूद हैं, तो यह आंदोलन की नैतिक शक्ति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो लोग हर मुद्दे पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की आज़ादी और लोकतांत्रिक मूल्यों की सबसे मुखर पैरवी करते हैं, वे इस घटना पर खामोश क्यों हैं? क्या प्रेस की स्वतंत्रता केवल तब तक महत्वपूर्ण है, जब तक खबर आपके पक्ष में हो? क्या पत्रकार की सुरक्षा का सवाल विचारधारा देखकर तय होगा?

पत्रकार का काम किसी पक्ष का समर्थन या विरोध करना नहीं, बल्कि घटनाओं को समाज के सामने रखना है। यदि कैमरे से डरकर कैमरा तोड़ा जाएगा, माइक छीनकर सवाल रोके जाएंगे और रिपोर्टर को पीटा जाएगा, तो इससे सच नहीं रुकेगा। इससे केवल यह संदेश जाएगा कि असहमति को हिंसा से दबाने की कोशिश की जा रही है।

पत्रकारिता पर हमला किसी भी विचारधारा, संगठन या आंदोलन के लिए उचित नहीं ठहराया जा सकता। जो लोग लोकतंत्र की बात करते हैं, उन्हें सबसे पहले लोकतंत्र के प्रहरी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। हिंसा का कोई वैचारिक औचित्य नहीं हो सकता।

दोषी चाहे किसी भी संगठन, विचारधारा या समूह से जुड़े हों, उनके विरुद्ध निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि हम पत्रकारों पर हमले के मामलों में भी अपनी राजनीतिक पसंद-नापसंद के आधार पर बोलेंगे या चुप रहेंगे, तो कल किसी भी पत्रकार की सुरक्षा की गारंटी नहीं बचेगी। आज आवश्यकता केवल घटना की निंदा करने की नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश देने की है, पत्रकार पर हमला, लोकतंत्र पर हमला है। इस सिद्धांत को व्यक्ति, दल और विचारधारा से ऊपर रखकर स्वीकार करना होगा। और अंत में एक प्रश्न हम मौन क्यों हैं? यदि आज भी हमारी आवाज़ नहीं उठी, तो कल शायद किसी पत्रकार की आवाज़ हमेशा के लिए खामोश कर दी जाएगी।

जहाँ एल्गोरिद्म रुक जाता है, वहाँ अनुभव शुरू होता है

नीलम महेन्द्र

हाल ही में अमेरिका की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी "फोर्ड" ने एआई को अपनाकर अपने कुछ कर्मचारियों को हटा दिया था। लेकिन शीघ्र ही उसे एआई की सीमाओं के चलते होने वाले नुक्सान को देखते हुए उन्हें पुनः काम पर रखना पड़ा। इसी प्रकार ग्राहक सेवा क्षेत्र की एक नामी फिनटेक कंपनी ÷क्लार्ना÷ को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि केवल एआई आधारित संवाद ग्राहक संतुष्टि का विकल्प नहीं बन सकता, इसलिए उसे भी अपने संस्थान में कर्मचारियों की संख्या फिर से बढ़ानी पड़ी। ऐसे ही एक अन्य प्रमुख अमरीकी IT कम्पनी IBM ने भी AI के साथ अनुभव और विशेषज्ञता वाले कार्मिकों की आवश्यकता को दोबारा रेखांकित किया है। ये सभी कंपनियां बदलते समय के साथ ताल से ताल मिलकर अपने सिस्टम को एआई आधारित बनाने की ओर बढ़ रही थीं और अपने कर्मचारियों को हटा के उनका काम एआई से लेने लगीं थीं। लेकिन इनको शीघ्र ही अपने कर्मचारी वापस बुलाने पड़े। ये वे घटनाएँ हैं जो हमें एआई पर हमारी बढ़ती निर्भरता पर पुनर्विचार करने के लिए विवश कर रही हैं। ये घटनाएँ एआई की विफलता की सूचक नहीं हैं लेकिन हाँ इस भ्रम के टूटने का संकेत अवश्य हैं कि एआई मानव का स्थान ले सकती है।

हम मनुष्यों ने सदियों तक मशीनें इसलिए बनाईं कि वे हमारा शारीरिक श्रम कम कर सकें। लेकिन इतिहास में पहली बार आज मशीनें बौद्धिक श्रम भी कर रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर ने हम सभी के सामने एक नया प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या मशीनें केवल हमारा काम आसान करेंगी, या एक दिन हमारे अनुभव, निर्णय और विवेक का भी स्थान ले लेंगी?

दरअसल पिछले कुछ वर्षों में एआई को लेकर जितना उत्साह दिखाई दिया, उतनी ही आशंकाएँ भी पैदा हुईं। एक तरफ यह विज्ञान के चमत्कार के रूप में देखा जा रहा था तो दूसरी तरफ करोड़ों नौकरियों के अंत की शुरुआत के रूप में। किंतु परिदृश्य लगातार बदलता जा रहा है। समय के साथ यह बात सामने आ रही है कि आखिर एआई की भी सीमाएं हैं। भले ही वह कुछ ही क्षणों में करोड़ों दस्तावेज़ों का विश्लेषण कर सकता है, पैटर्न पहचान सकता है, संभावनाओं का अनुमान लगा सकता है और मनुष्य से कहीं अधिक गति से उत्तर दे सकता है। लेकिन मूलभूत तथ्य यह है कि एआई सोच नहीं सकता। हाँ, वह गणना कर सकता है लेकिन उसका प्रत्येक उत्तर उसी डेटा पर आधारित होता है जिससे उसे प्रशिक्षित किया गया है। यदि डेटा अधूरा, पक्षपाती या त्रुटिपूर्ण है, तो वो परिणाम भी वैसा ही देगी। यहीं से अनुभव एवं डाटा तथा तार्किक बुद्धि और तथ्यात्मक विश्लेषण में समन्वय का महत्व रेखांकित होता है।

एक अनुभवी इंजीनियर मशीन की हल्की-सी असामान्य आवाज़ सुनकर आने वाली बड़ी खराबी का अनुमान लगा सकता है। एक वरिष्ठ डॉक्टर जाँच रिपोर्ट सामान्य होने के बावजूद रोगी के शारीरिक लक्षणों एवं व्यवहार से छिपी हुई बीमारी को उसके शुरुआती स्टेज में ही पहचान सकता है। एक संवेदनशील शिक्षक यह समझ लेता है कि किसी छात्र की चुप्पी उसकी कमज़ोरी नहीं उसके मानसिक संघर्ष का संकेत है। एक कुशल प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन या बढ़ई वर्षों के अपने अनुभव से ऐसी सूक्ष्म त्रुटियाँ पकड़ लेता है जिन्हें कोई मशीन तुरंत नहीं पहचान सकती। और यहीं ढ्ढ मनुष्य से पिछड़ जाती है क्योंकि अनुभव वह संपत्ति है जिसे डाउनलोड नहीं किया जा सकता।

क्योंकि ज्ञान अपने आप में तब तक अधूरा है जब तक उसे व्यवहार में न उतारा जाए। केवल युटुब के वीडियो देखकर आप परफेक्ट आटा गूंथना या रोटी बेलना या पेंटिंग करना नहीं सीख सकते जब तक आप के पास अभ्यास का अनुभव न हो।

एआई और मनुष्य के बीच सबसे बड़ा अंतर भी यही है।

एआई डेटा देखता है, मनुष्य संदर्भ समझता है।

एआई पैटर्न पहचानता है, मनुष्य अपवाद पहचानता है।

एआई संभावना बताता है, मनुष्य जोखिम का आकलन करता है।

एआई उत्तर देता है, मनुष्य निर्णय लेता है।

और सबसे महत्वपूर्ण, एआई अपने निर्णय की नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेता, मनुष्य लेता है।

यही कारण है कि करुणा, सहानुभूति, अंतर्ज्ञान, नैतिक विवेक और उत्तरदायित्व आज भी किसी एल्गोरिद्म में नहीं डाले जा सके हैं। एआई कभी अपराधबोध महसूस नहीं करता, वह कभी दुविधा में नहीं पड़ता और न ही किसी निर्णय के नैतिक परिणामों का बोझ उठाता है। वह वही सीखता है जो मनुष्य उसे सिखाता है। इसलिए ढ्ढ की गुणवत्ता अंततः मनुष्य की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। अतः भविष्य में सबसे अधिक मूल्य उन लोगों का होगा जिनके पास गहरी विशेषज्ञता, व्यावहारिक अनुभव और निर्णय क्षमता होगी ताकि वे ढ्ढ की सहायता से कार्य की गुणवत्ता को सुधार सकें।

इतिहास गवाह है कि हर तकनीकी क्रांति ने मनुष्य की क्षमता बढ़ाई है, उसका महत्व कम नहीं किया। भाप के इंजन ने श्रम को बदला, कंप्यूटर ने गणना को बदला, इंटरनेट ने संचार को बदला। एआई भी काम करने के तरीके बदलेगा, लेकिन वह अनुभव, विवेक और मानवीय संवेदना का विकल्प नहीं बन सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1911: हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया। 1923: लौसन की संधि। स्विट्ज़रलैंड में ग्रीस, बुल्गारिया और प्रथम विश्व युद्ध में शामिल अन्य देशों के बीच हुई इस संधि के द्वारा आधुनिक तुर्की की सीमाओं को व्यवस्थित किया गया। 1932: रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना। 1938: इंस्टेंट काफी की खोज हुई। 1969: अपोलो-11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर वापिस लौटा। 1974: अमेरिका की शीर्ष अदालत ने देश के तत्कालीन राष्ट्रपति निक्सन को वाटरगेट मामले से जुड़े सभी टेप जांच एजेंसियों के हवाले करने का आदेश दिया। 1987: मशहूर उपन्यासकार जेफ्री आर्चर ने डेली स्टार अखबार के खिलाफलाखों पाउंड का मानहानि का मुक़दमा जीता। 1989: लोकसभा में विपक्ष के लगभग सभी सदस्यों ने इस्तीफा दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम अगर घर से रायपुर जाने के लिए निकले ,तो रास्ता रायपुर का ही पकड़ेगे ---राजनादगांव वाला नहीं ।आप को भटकाने वाले अपनी रोटी सेकने वाले आप का सिर्फ और सिर्फ़ उपयोग कर रहे ।अपने हक के लिए लड़ना जरूरी है पर मंजिल से भटकना कभी नहीं लोग आप की भावना आप के भविष्य से खेल रहे,किसी का खिलौना ना बने ।वर्तमान परिपेक्ष में सभी बच्चों से निवेदन।

- ऋतु दुबे

चुनौती आने पर उसे अवसर की तरह अपनाए पूरी ईमानदारी से उसका प्रयास करें और कभी भी हार ना माने। याद रखें - आपके सपने आपके अपने हैं और आप मैंने पूरा करने की शक्ति सामर्थ्य भी है बस आप में जज़्बा, जोश, जुनून, संकल्प और मेहनत की जरूरत है।

- रेनू 'शब्दमुखर'

बदली है बोतल फक्त,बदली नहीं शराब। जयचंदो का देश ने , देखा निम्न हिसाब।। फुला रहे फुगा नया ,धरने का कुछ लोग। मिल जाए शायद उन्हें सत्ता का सुख भोग ।। दिल्ली में जिस भाँति का,आया नजर बवाल। बोला था जो आपने, डाकू नटवर लाल।। - **रमेश शर्मा वशिष्ट**

शीत सौम्य धूमकेतु ,दृग मोद जलजात, घोटक अभूतपूर्व रण जीति जात हैं उत्कर्ष कामना हिए , जोश केशरी सदृश्य, मतन्ग शक्ति कीर्ति से, शत्रु बिलखात हैं बसंतदूत औ भ्रमर ,वाटिका विहार कर, मधुर -मधुर स्वर , वन परिजात हैं सारन को स्वाति जल, शफरी का प्राण जल, मन्मथ बसंत बाण, शिव जगि जात हैं। - **राजकिशोर मिश्र'राज**

सिर्फ कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन ही चर्चा में नहीं है,सलमान खान की फोटो बहुत तेज़ी से वायरल हो रही है जिसमें वे साठ साल के दिख(दीख) रहे हैं,लोग आश्चर्य में हैं कि उनके फेवरेट कलाकार इतना वृद्ध कैसे दीख रहे हैं,कुछ तो मानने को ही तैयार नहीं है कि ये सलमान खान की फोटो है। सारा दोष ढ्ढ पर निकल रहा। जै सलमान।

- मधुबाला मौर्या

आके मिलते हो हम से सपनों में वैसे मिलने कभी तो आते नहीं। तुम न देते अगर प्रेम की कल्पना उम्र भर हम फसाने सुनाते नहीं। दो प्यारे से दिल पास में आगए आँख में मखमली ख्वाब मुस्का गए तुम न देते नयन को सपन प्यार के इस शहर में कभी ,घर बनाते नहीं उम्र भर. मीठी बातें पिघल कर दिल तक गईं छंद में घुल गईं, व्यंजनाएं नई चांदनी सी न घुलते अधर पर उधर गीत मेरे कभी गुदगुदाते नहीं उम्र भर।

- कवि अजय कुमार सिंह भदौरिया

किसी भी जिस्म की चाहत नहीं है मुहब्बत हो जहाँ...खुशियाँ वहीं है मुझे आता नहीं बिन उसके जीना उसे मालूम बस इतना नहीं है रहे तू पास चाहे आज जिसके तुझे कल लौट कर आना यहीं है लगा के लत मुझे अपनी वो पूछे नशा दुनिया में क्या इतना कहीं है ? समझ इतना ही मैं पाई हूँ अब तक जहाँ 'ममता' हो बस झुकना वहीं है । - **ममता लड़ीवाल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपके लिये आज का दिन शुभ रहेगा दिन के आरंभ में स्वास्थ्य चुस्त रहेगा मन मे धन संबंधित उलझन रहेगी लेकिन अकस्मात लाभ के समाचार मिलने से उत्साह बढ़ेगा रुके कार्यो में गति आएगी।

वृष: आज का दिन भाग-दौड़ वाला रहेगा व्यस्तता के चलते शरीर की उपेक्षा बाद में भारी पड़ेगी लेकिन आशाजनक ना सही लाभ मिलते रहने से निराश नही होंगे। कार्य व्यवसाय में उन्नति के योग बन रहे है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिये धन और ज्ञान वृद्धिकारक रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे।

कर्क: आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर धीमी गति से कार्य करने पर लोगो की आलोचना सुन्नी पड़ेगी।

सिंह: आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा में राहत प्रदान करेगा। दिन का आरम्भ घर मे धार्मिक कार्यो से होगा इसके कारण चहल पहल भी रहेगी आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा।

कन्या: आज भी परिस्थिति आपके लिए सहायक बन रही है। दिन के आरम्भ से लेकर अंत तक आपकी दिनचार्य अन्य दिनों से अलग रहेगी।

तुला: आज आपका स्वभाव संपर्क में आने वालों को आश्चर्य चकित करेगा। अपना मतलब साधने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नही करेंगे। लोगो को आपका व्यवहार हितैषी लगेगा लेकिन अंदर स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

वृश्चिक: आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा मन मे बड़ी बड़ी योजनाए बनती रहेंगी लेकिन सहयोग की कमी और धन के अभाव के कारण इन्हें साकार नही कर पाएंगे। पेट संबंधी व्याधि से परेशानी होगी।

धनु: आज आपका विवेकी व्यवहार कार्य क्षेत्र पर सम्मान दिलाएगा लेकिन घर के सदस्यों के प्रति सनकी मिजाज रहने के कारण आपसी मतभेद रहेंगे। संध्या के आस-पास थकान के कारण किसी काम मे मन नही लगेगा।

मकर: आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा लेकिन आज आपको लक्ष्य बनाए कर कार्य करना पडेगा तभी सफलता निश्चित होगी। मार्ग से भ्रमित करने वाले प्रसंग उपस्थित होंगे लाभ की जगह है वाले कार्य ज्यादा आकर्षित करेंगे।

कुंभ: आज का दिन भाग्योन्नति वाला रहेगा। दिन का प्रथम भाग आलस्य की भेंट चढेगा परन्तु मध्यान से कार्यो में पूरी निष्ठा से जुट जाएंगे।

मीन: आज का दिन स्वास्थ्य के लीये हानि कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही सेहत में गिरावट अनुभव होगी लेकिन कार्य भर के कारण अनदेखी करेंगे।

QUIZ TIME

1. एशिया का सबसे बड़ा देश : चीन:: एशिया का सबसे छोटा देश : ?
2. रावण की उस तलवार का क्या नाम था, जो उसे शिवजी से प्राप्त हुई थी?
3. ओलंपिक खेल में मशाल जलाने की प्रथा की शुरुआत सन् 1924 ओलंपिक से हुई। (सही / गलत)
4. बुकाफेलस क्या है?
5. एबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम महिला का नाम बताए?

उत्तरमाला- (1) सिंगापुर (2) चंद्रहास (3) गलत, 1920 (4) सिकंदर के घोड़े का नाम (5) कारेन केसकुला उहलेनबेक

★ RamaQuiz ★

कार्टून

शब्द सामर्थ्य -108

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल

22 पौवा गोवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 21 जुलाई को जंघोरा नाला के पास ग्राम कौहाकुड़ा निवासी लेखराम यादव (30) अवैध रूप से शराब बेच रहा था। दबिश के दौरान उसके कब्जे से 22 पौवा गोवा शराब, जिसकी कीमत लगभग 2,640 रुपये बताई गई है, बरामद की गई।

आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शासनोत्सव वर्षावास 2026: जिनवाणी की अमृत धारा बहेगी श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में 25 से

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में वर्षावास 2026 का शुभारंभ आगामी 28 जुलाई से होने जा रहा है। संघ के पुण्योदय से इस वर्ष चातुर्मासिक आराधना हेतु खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिनचन्द्रसूरी जी म.सा., तप चक्रवर्ती गणि प्रवर वीर भद्र मुनि जी के सुशिष्य पूज्य भव्य मुनि जी एवं पूज्य सोमभद्र मुनि जी का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ है। चातुर्मासिक प्रवचनों की श्रृंखला 25 जुलाई से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में प्रारंभ होगी। जिनवाणी की सतत धारा चार मास तक चलेगी।

प्रमुख प्रवचन कर्ता पूज्य भव्य मुनि जी के जीवन परिचय के रूप में संघ सचिव अभिषेक दुग्गड़ ने बताया कि बीस वर्षीय पूज्य भव्य मुनि जी ने 8 वर्ष की अल्पायु में अपने माता पिता एवं बहन के साथ पाली राजस्थान में पंच महाव्रत को स्वीकार कर जैन दीक्षा ग्रहण की। विगत बारह वर्षों से अपने गुरु के पास रहकर जिनागम आदि का लगातार स्वाध्याय करते हुए प्रथम बार चातुर्मास हेतु हमारे नगर नवापारा राजिम आए हैं। क्योंकि खरतरगच्छ की

वर्तमान परम्परा में एक स्वर्णिम इतिहास बनने जा रहा है। यह चातुर्मास केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि जिनशासन का महापर्व है। इस स्वर्णिम एवं पावन अवसर को वास्तविक अर्थों में शासनोत्सव बनाना हम सभी का परम कर्तव्य है।

चातुर्मासिक आयोजन समिति के सचिव मुकेश पारख ने सकल जैन समाज एवं धर्म प्रेमी बंधुओं से तन मन धन से सहयोग के साथ इस पुण्य अवसर में सहभागी बनने तथा धर्म आराधना, प्रवचन स्वाध्याय, सामायिक, उप-तप, एवं धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की। प्रवचन, स्वाध्याय में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किया गया है।

आगामी 30 जुलाई से सामूहिक तप के रूप में प्रतिदिन आयंबिल, निवी एवं एकांतर तप के अंतर्गत बीस विद्रमान तप की तपस्या प्रारंभ होगी। 25 जुलाई से ही रात्रि 8 बजे से श्रावकों के लिए स्वाध्याय एवं धर्म चर्चा का आयोजन होगा।

18 में 16 शिक्षकों को लौटाया, दो पर डीईओ की रहस्यमयी चुप्पी, लोक शिक्षण संचालनालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद दो शिक्षकों के नाम आदेश से गायब

संलग्नीकरण खत्म करने के आदेश पर भी 'चहेतों' को बचाने का खेल!

- **शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल**
- **कलेक्टर को भेजी गई नोटशीट पर भी सवाल, क्या राजनीतिक संरक्षण के आगे शासन के आदेश बेअसर?**

सिर्फ इन शिक्षकों को किया गया कार्यमुक्त

जारी आदेश के अनुसार व्याख्याता सुबोध कुमार तिवारी, प्रमोद कनौजे, हर्षिता चंद्राकर, शिक्षक रमता मन्नाड़े, पूर्णानंद मिश्रा, जागेश्वर सिन्हा, भुवनेश्वरी साहू, नरेश पटेल, अनिल साव, देवानंद, डी. बसंत कुमार साव, सहायक शिक्षक यश कुमार चंद्रवंशी, विवेक कुमार चंद्राकर, परस कुमार, शिक्षक-ग्रंथपाल भागवत प्रसाद पटेल तथा सहायक शिक्षक रितेश नायक को वर्तमान संलग्नीकरण से मुक्त कर उनके मूल विद्यालयों में भेजा गया है। ये सभी शिक्षक समग्र शिक्षा महासमुंद, बीआरसी महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली तथा नवकीरण अकादमी में संलग्न थे।

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में वर्षों से विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में संलग्न शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी शिक्षा विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर के स्पष्ट निर्देश के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 18 में से केवल 16 शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करने का आदेश जारी किया, जबकि दो चर्चित शिक्षकों के नाम आदेश से रहस्यमय तरीके से गायब कर दिए गए। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर शासन के आदेश का पालन चुनिंदा मामलों में ही क्यों किया जा रहा है? क्या विभाग में अब भी ÷चहेतों को बचाने÷ का खेल जारी है?

23 जुलाई 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में 16 शिक्षकों का संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए उन्हें उनके मूल विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, नवा रायपुर द्वारा 25 जून 2026 को जारी निर्देशों के पालन में की गई है। संचालनालय ने स्पष्ट रूप से संलग्नीकरण समाप्त कर सभी शिक्षकों को मूल संस्था में वापस भेजने के निर्देश दिए थे।

दो नाम गायब, विभाग की नीयत पर उठे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि

तुसाद हायर सेकेंडरी स्कूल की गणित व्याख्याता संपा बोस तथा बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बकमा हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता विद्या साहू का नाम जारी आदेश में शामिल नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि विद्या साहू पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से समग्र शिक्षा में संलग्न हैं, जबकि संपा बोस भी लंबे समय से मूल विद्यालय से बाहर पदस्थ हैं।

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश सभी संलग्न शिक्षकों पर समान रूप से लागू होने के बावजूद इन दोनों को आदेश से बाहर रखने पर विभाग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शिक्षा जगत में चर्चा है कि क्या प्रभावशाली संरक्षण के चलते इन दोनों मामलों में शासन के आदेश को दरकिनार किया गया?

कलेक्टर को भेजी गई नोटशीट पर भी सवाल

सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर को भेजी गई नोटशीट में भी संपा बोस और विद्या साहू का नाम शामिल नहीं किया गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कलेक्टर तक पूरी और सही जानकारी क्यों नहीं पहुंचाई गई? क्या जानबूझकर कुछ नामों को सूची से बाहर रखा गया या फिर शासन के आदेश को निष्प्रभावी बनाने की कोशिश की गई?

यदि संचालनालय ने सभी संलग्नीकरण समाप्त करने के निर्देश दिए थे तो फिर दो शिक्षकों को विशेष राहत किस आधार पर दी गई? इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग की पारदर्शिता संदेह के घेरे में दिखाई दे रही है।

> दोनों शिक्षकों का प्रतिनियुक्ति शासन स्तर पर हुआ। तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर समग्र शिक्षा में उन्हें अटैच किया गया है, इसकी जानकारी मुझे नही है। इस संबंध में कलेक्टर सहाबा से बात कर दीजिए।
>
> -बी. एल. देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद

डीईओ का दावा और दस्तावेजों में विरोधाभास

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल. देवांगन से पूछे जाने पर उन्होंने दोनों शिक्षकों को शासन स्तर पर प्रतिनियुक्ति पर होना बताया। हालांकि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार दोनों शिक्षकों की नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के बजाय कलेक्टर के आदेश से समग्र शिक्षा में संलग्नीकरण के आधार पर की गई थी।

यही विरोधाभास पूरे मामले को और अधिक विवादास्पद बना रहा है। यदि दोनों प्रतिनियुक्ति पर

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, चालक पर एफआईआर

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बोंदा निवासी नेपाल सिंह गढ़तिया अपनी बाइक से सरायपाली सामान खरीदने गए थे। लौटते समय शाम करीब 4 बजे बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर सारंगढ़ की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एफएच 1084 ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल नेपाल सिंह को तत्काल शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल चालक के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बड़े टेमरी निवासी राजेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका भाई निमेश साहू 6 जुलाई 2026 को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीए 8961 से सांकरा से अपने गांव लौट रहा था। शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच बड़े टेमरी धान मंडी के आगे मोड़ पर झगरेनडीह की ओर से आ रहे आयशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजे 3165 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में निमेश साहू घायल हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर सांकरा पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हमारी सरकार में पारदर्शिता है, पेपर लीक हुआ तो परीक्षा रद्दः रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि ÷कांग्रेस के राज में पेपर लीक हुए पर परीक्षा नहीं रुकी। हमारी सरकार में पारदर्शिता है - लीक हुआ तो परीक्षा रद्द। रंजना साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में दर्जनों बार पेपर लीक हुए, लेकिन तब सरकार ने आंख मूंद ली। नतीजा यह हुआ कि अपात्र लोग आज भी सरकारी नौकरियों में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। एक भी पेपर लीक की सूचना मिलते ही परीक्षा को निरस्त कर दिया जाता है और दोबारा निष्पक्ष परीक्षा कराई जाती है। सरकार पेपर माफियाओं पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। रंजना साहू ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के समय खुद प्रियंका गांधी ने माना था कि पेपर लीक बहुत बड़ा मुद्दा है और उनकी सरकार उसे रोक नहीं पा रही है। लेकिन आज कांग्रेस को वह समय याद नहीं आ रहा।

पेंशनर्स कार्यकारिणी नगरी की बैठक आज

नगरी/नवप्रदेश। छ ग़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के भवन में *पेंशनर्स कार्यकारिणी नगरी* की बैठक 24 जुलाई को आयोजित की गई है जिसमें नगरी तहसील के सभी पांच जोन के प्रभारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति हेतु अपील की गई है । सभी जोन प्रभारी अपने अपने जोन की गतिविधियों की जानकारी एवं आवश्यक अन्य जानकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे । साथ ही प्रत्येक जोन में सेवानिवृत्त होने वाले उन अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी भी आवश्यक रूप से लेकर आएंगे ताकि जो साथी पेंशनर्स समाज की सदस्यता ग्रहण नहीं किए हैं उन्हें प्रेरित करके सदस्यता ग्रहण करने हेतु अभिप्रेरित किया जा सके । अध्यक्ष आर एल देव ने सभी तहसील शाखा के पदाधिकारियों से भी उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है ।

नीट पेपर लीक मामले में छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमलाः आलोक

- **एफआईआर वापस लेने, न्यायिक जांच, घायल छात्रों को मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर कथित लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे जाने तथा उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है और देश के युवाओं के भविष्य व उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास है।

जारी बयान में चंद्राकर ने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं अपने भविष्य और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से न्याय की आवाज उठा रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार ने संवाद के बजाय दमन का रास्ता अपनाया। उनका कहना था कि नीट पेपर लीक की घटना ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए भारी आर्थिक बोझ उठाया, कोचिंग और शिक्षा पर बड़ी राशि खर्च की, लेकिन सरकारी लापरवाही के कारण उनकी मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिर गया।

उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे में छात्रों पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस के गोले छोड़ना यह दर्शाता है कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए छात्रों की आवाज दबाना चाहती है।

चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पीड़ितों को ही आरोपी बनाया जाना तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने मांग की कि छात्रों पर दर्ज सभी प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं, घायल छात्रों को समुचित इलाज और मुआवजा दिया जाए तथा पूरे घटनाक्रम की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए।उन्होंने कहा कि जब छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है तो इसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। शिक्षा जैसी संवेदनशील व्यवस्था में लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के सपनों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान ने किया ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन

छुईखदान/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल के नेतृत्व मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान द्वारा केंद्र सरकार राज्य सरकार एवं दिल्ली पुलिस की कथित बर्बर अलोकतांत्रिक एवं दमनकारी कार्रवाई के विरोध मे गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया

इस विरोध प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य नीलांबर वर्मा मोतीलाल जंघेल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी हेमंत वैष्णव नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी कामदेव जंघेल जिला पंचायत प्रतिनिधि

विजय वर्मा ब्लॉक महामंत्री भीम महोबिया दिलीप महोबिया कोशन कोशरे रामानंद साहू नीरज महोबिया ब्लॉक छुईखदान के वरिष्ठ कांग्रेसजन पूर्व विधायक प्रदेश पदाधिकारी जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा कांग्रेस के समस्त मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभागों के जिला एवं ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, पूर्व एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधि बूथ जोन एवं सेक्टर प्रभारी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस कार्यालय से हुई इसके बाद कांग्रेसजन हाथो मे तख्तिया लेकर नारेबाजी करते हुए जय स्तंभ चौक बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गो से निकले इस दौरान कार्यकर्ताओ ने मोदी सरकार मुर्दाबाद मोदी तेरी दादागिरी नही चलेगी मोदी सरकार होश मे आओ तथा धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए विरोध रैली जय स्तंभ चौक पहुंची जहा हाल ही मे दिवंगत हुई बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कांग्रेसजनो ने दो मिनट का मौन धारण किया इसके पश्चात रैली पुनः कांग्रेस कार्यालय पहुंची जहा कार्यक्रम का समापन किया गया कांग्रेस नेताओ ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यो की रक्षा और जनहित के मुद्दो को लेकर पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

प्रदर्शन : खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में नेहरू चौक पर प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

पेपर लीक और छात्र उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। देशभर में कथित पेपर लीक की घटनाओं, परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने किया। नेहरू चौक पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उनका कहना था कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होने से युवाओं का विश्वास कमजोर हुआ है।

उन्होंने छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कठोर व्यवहार किया गया। साथ ही आरोप लगाया कि विरोध कर रहे छात्रों को हिंसक बताकर सरकार वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के अधिकारों की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने की घटना का भी विरोध जताया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं और छात्रों के मुद्दों को उठाने वाली आवाजों को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री से जवाबदेही तय की जानी चाहिए और युवाओं को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

नेहरू चौक पर हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान ÷युवाओं से विश्वासघात बंद करो÷, ÷धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो÷ सहित विभिन्न नारे लगाए गए।

तेज रफ्तार ऑटो पलटा, यात्री का हाथ काटना पड़ा

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा सब्जी मंडी के पास ऑटो पलटने से गंभीर रूप से घायल हुए एक यात्री का इलाज के दौरान हाथ काटना पड़ा। घटना के लगभग साढ़े तीन महीने बाद पुलिस ने ऑटो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार भिलाई निवासी सुधीर कुमार (46) 1 अप्रैल 2026 को खल्लारी मेले से अपने साथी सूरज गुप्ता एवं प्रभंश केशरी के साथ ऑटो क्रमांक सीजी 04 एनसी 4838 से बागबाहरा लौट रहे थे। सब्जी मंडी के पास चालक प्रभंश केशरी ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सुधीर कुमार ऑटो के नीचे दब गए और उनका बायां हाथ बुरी तरह कुचल गया। घायल को इलाज के लिए नेहरू नगर भिलाई स्थित सूरज अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर संक्रमण के कारण डॉक्टरों को कोहनी के ऊपर से हाथ काटना पड़ा।

अंतरजातीय विवाह पर सामाजिक बहिष्कार, 1.11 लाख वसूलने का आरोप

- **समाज प्रमुखों पर एफआईआर, ऑडियो-वीडियो और फोन-पे ट्रांजेक्शन बने अहम साक्ष्य**

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतरजातीय विवाह करने वाली युवती और उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर 1 लाख 11 हजार रुपये का आर्थिक दंड वसूलने के आरोप में बसना पुलिस ने समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम तोषगांव निवासी अंकिता प्रधान (25) ने अपनी इच्छा से अंतरजातीय विवाह किया था। इसके बाद कोलता समाज (शाखा बसना) के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया।

17 मई 2026 को बरबसपुर में आयोजित समाज की बैठक में

समाज प्रमुख भोजराज प्रधान, प्रवीण भोई, धरणीधर साहू, संजय भोई सहित अन्य लोगों ने अंकिता के पिता रामदास प्रधान, माता रजनी प्रधान, भाई कुंदन प्रधान और अन्य परिजनों को बुलाया। आरोप है कि परिवार को समाज से बाहर करने की धमकी देकर समाज में रहने देने के एवज में 1,11,000 का दंड लगाया गया।

अगले दिन 18 मई को रामदास प्रधान और रजनी प्रधान ने फोन-पे के माध्यम से राधेश्याम साहू के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए। कुंदन प्रधान द्वारा बैठक की मोबाइल से बनाई गई ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग तथा फोन-पे ट्रांजेक्शन की जानकारी भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि यह राशि मंदिर समिति को स्वेच्छा से दान दी गई थी। पुलिस ने इस दावे के समर्थन में मंदिर समिति की बैंक पासबुक, दान रसीद, बैठक का प्रस्ताव रजिस्टर और समाज की नियमावली प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया, लेकिन आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

इसके बाद बसना पुलिस ने भोजराज प्रधान, प्रवीण भोई, धरणीधर साहू, संजय भोई एवं अन्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2), 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

संक्षिप्त खबरें

कमार आवासीय विद्यालय नगरी के दो छात्रों का प्रयास विद्यालय में चयन

नगरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित

प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में कमार आवासीय विद्यालय नगरी के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया है। प्रयास विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 10 मई 2026 को आयोजित की गई थी, जबकि परीक्षा परिणाम 16 जून 2026 को घोषित किया गया। घोषित परिणाम में एकलव्य आदर्श विशेष रूप से कमजोर जनजाति (कमार) आवासीय विद्यालय नगरी के दो विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की।विद्यालय के छात्र लीला शंकर कमार (पिता दशरथ लाल) का चयन प्रयास बालक/कमार आवासीय विद्यालय पिननापुर, जिला बीजापुर में हुआ है। वहीं छात्रा राज सरस्वती सिंह का चयन सरस्वती कला-8वीं प्रयास बालक/कमार आवासीय विद्यालय रायगढ़, जिला रायगढ़ में हुआ है।

नपं छुरा में नव नियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

छुरा/नवप्रदेश। बुधवार को नगर पंचायत छुरा के सभा कक्ष में नव नियुक्त एल्डरमैन तुलाराम साहू, सफर सचदेव एवं धर्मेंद्र चंद्राकर का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। तीनों नव नियुक्त एल्डरमैन को अनुविभागीय दंडाधिकारी छुरा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, अनुविभागीय दंडाधिकारी छुरा विशाल महाराणा, नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार सलामे की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।सभी अतिथियों ने नव नामनिर्दिष्ट पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्य पर जोर देने आग्रह किया।

साध्वी जनों का मठ मंदिर चौक में स्वागत कर लिया गया आशीर्वाद

धमतरी/नवप्रदेश। शहर में चतुर्मास के लिए विहार करते जैन साध्वी

जनों रत्ननिध जी म.स. एवं अन्य साध्वियों का नगर में मंगल प्रवेश करने के पश्चात बालक चौक स्थित जैन मंदिर से धर्ममय वातावरण में शोभायात्रा इतवारी बाजार स्थित मंदिर के लिए निकाली गई। जैन समाज की शहर में निकली इस दिव्य एवं आध्यात्मिक शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए मठ मंदिर चौक में नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी, पार्षद कुलेश सोनी, कोमल सार्वा,पिन्टू यादव, पप्पू सोनी, राहुल सोनी,समाजसेवी प्रमुख रूप से उपस्थित है इन सभी ने साध्वीजनों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए शहर के लिए इस गौरवशाली क्षण बताया विजय मोटवानी ने कहा है कि धर्म की नगरी में त्याग ,तपस्या एवं संयम का नूतन अध्याय इस चातुर्मास में जुड़ गया है जो निश्चित ही क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि को मजबूती प्रदान करेगी।

देवरी की बेटियों को मिली नई उड़ान, बेटी पढ़ेगी तो प्रदेश बढ़ेगाः शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण अंचल की छात्राओं को स्कूल तक सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित ÷सरस्वती सायकल योजना÷ के तहत बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर पात्र छात्राओं को सायकल वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।श्री शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम अपने जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। बेटियां किसी से कम नहीं हैं। यदि उन्हें सही अवसर और संसाधन मिलें तो वे हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

सीएम के कार्यक्रम की आड़ में 42 लाख के टेंट-पंडाल भुगतान पर सवाल

■ आरटीआई से खुलासा, लोनिवि पर फर्जी बिलिंग और बिना टेंडर लाखों के भुगतान के आरोप

राजिम/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के वर्ष 2022 के प्रस्तावित 'भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम की तैयारियों के नाम पर किए गए करीब 42 लाख रुपये के टेंट, पंडाल और बैरिकेडिंग भुगतान पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर शिकायतकर्ता ने लोक निर्माण विभाग, गरियाबंद पर फर्जी बिलिंग, बिना नए टेंडर लाखों रुपये के कार्य कराने और सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं।



शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी धन की इस तरह की बंदरबांट तब तक नहीं रुकेगी, जब तक ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय नहीं की जाती।

जानकारी के अनुसार तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 19 नवंबर 2022 को छुरा, फिंगेश्वर और राजिम में 'भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम प्रस्तावित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर 5 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया। कार्यक्रमों में टेंट, पंडाल एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था का जिम्मा लोक निर्माण विभाग, गरियाबंद को सौंपा गया था।

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार राजिम कार्यक्रम के लिए गोबरा नवापारा स्थित साहू किराया भंडार द्वारा 17,15,880 रुपये का बिल प्रस्तुत किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिल में दर्शाई गई बैरिकेडिंग और पंडाल की मात्रा मौके पर उपलब्ध फोटोग्राफ्स से मेल नहीं खाती। उनका दावा है कि तस्वीरों में वास्तविक सामग्री बिल में दर्शाई गई मात्रा से कम दिखाई देती है, जिससे भुगतान की प्रामाणिकता पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी प्रकार फिंगेश्वर कार्यक्रम के लिए 15,35,291 रुपये तथा छुरा कार्यक्रम के लिए 9,56,958 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इन दोनों स्थानों के पर्याप्त फोटोग्राफउपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण वास्तविक कार्य और भुगतान का मिलान करना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे फर्जी बिलिंग की आशंका और मजबूत होती है।मामले का सबसे गंभीर पहलू यह बताया जा रहा है कि करीब 42 लाख रुपये के इन कार्यों के लिए नया टेंडर जारी नहीं किया गया, बल्कि वर्ष 2019 में स्वीकृत दरों के आधार पर ही भुगतान कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यदि नियमानुसार नया टेंडर जारी किया जाता तो प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से शासन को आर्थिक लाभ मिल सकता था और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती।

शिकायतकर्ता ने लोक निर्माण मंत्री एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की तकनीकी और वित्तीय जांच, सभी बिलों का सत्यापन तथा अनियमितता सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

युवक बेखौफहोकर ऊंचाई से छलांग लगाता दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर मौके पर मौजूद पर्यटकों की सांसें थम गई

100 फीट से मौत को चुनौती! चिंगरा पगार वॉटरफॉल में युवक का खतरनाक स्टंट करते वीडियो वायरल

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चिंगरा पगार वॉटरफॉल में एक युवक ने लगभग 100 फीट ऊंची चट्टान से पानी में छलांग लगाकर सभी को हैरान कर दिया। इस खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक बेखौफ होकर ऊंचाई से छलांग लगाता दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर मौके पर मौजूद पर्यटकों की सांसें थम गईं।

चिंगरा पगार वॉटरफॉल अपने प्राकृतिक सौंदर्य और मानसून के दौरान उमड़ने वाली भीड़ के लिए प्रसिद्ध है। बारिश के मौसम में यहां पानी का बहाव तेज और गहराई अधिक हो जाती है। ऐसे में इस तरह की लापरवाही न केवल अपनी जान बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन सकती है।

वायरल वीडियो में एक युवक झरने के टॉप पर चढ़कर जिसकी ऊंचाई लगभग 100 फिट होगी वहाँ से छलांग मार कर नीचे कूद गया। यह नजारा देख कर वहाँ उपस्थित पर्यटकों की सांसे भी अटक गई। राहत की बात यह रही कि युवक सुरक्षित बाहर निकल आया, लेकिन जरा सी चूक किसी बड़े हादसे में बदल सकती थी। युवक कौन है, कहां का रहने वाला है, यह जानकारी सामने नही आ पाई है।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब इस तरह के जानलेवा स्टंट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हों। हर वर्ष बरसात के मौसम में गरियाबंद जिले सहित अन्य जलप्रपातों से भी ऐसे वीडियो सामने आते रहते हैं, जहां कुछ लोग रोमांच के नाम पर अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं।

स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि चिंगरा पगार वॉटरफॉल सहित जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, नियमित निगरानी और आवश्यक होने पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पर्याप्त चेतावनी का बोर्ड नही

इस घटना ने पर्यटन स्थल पर सुरक्षा इंतजामों की पोल भी खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खतरनाक स्थानों पर पर्याप्त चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग, सुरक्षा कर्मी और निगरानी व्यवस्था नहीं होने के कारण कई लोग रोमांच के नाम पर जानलेवा स्टंट करने से नहीं हिचकते। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो वायरल होने से दूसरे युवक भी इस तरह का स्टंट करने लगते है।

सुरक्षा नियमों का पालन करें

विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही का ही परिणाम होती हैं। ऐसे खतरनाक स्टंट एक पल का रोमांच तो दे सकते हैं, लेकिन जरा सी चूक जिंदगी भर का दर्द या मौत का कारण बन सकती है। इसलिए पर्यटकों से अपील है कि प्राकृतिक स्थलों पर सुरक्षा नियमों का पालन करें और ऐसा कोई भी कदम न उठाएं, जिससे आपकी खुशी पलभर में दुख में बदल जाए।

जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में कुरुद में गरजी कांग्रेस

■ पीएम और शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला, मांगा इस्तीफा

कुरुद/नवप्रदेश। दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और नीट/पेपर लीक मामले को लेकर कुरुद में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की एनडीए सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका तथा शिक्षा मंत्री के तुरंत इस्तीफे की मांग की।

गुरुवार को कुरुद के पुराना बाजार चौक पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह-प्रभारी एस.ए. सम्पत, जिलाध्यक्ष तारणी चन्द्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, और जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्र हुए। पेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई को लेकर फूटा गुस्सा, प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार के रवैये की कड़े शब्दों में निंदा की। सह-प्रभारी एस.ए. सम्पत व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि देश का युवा और छात्र अपने हक और न्याय के लिए आवाज उठा रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनकी समस्याओं का हल निकालने के बजाय उन पर लाठियां बरसा रही है। एनडीए सरकार की इस तानाशाही नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

छग महिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी विंग में 'सह-संयोजक नियुक्त हुई संतोषी

कुरूद/नवप्रदेश। सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का बड़ा सम्मान करते हुए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (ढ्ढष्टष्ट) ने श्रीमती संतोषी निषाद जी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें छत्तीसगढ़ महिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी विंग में 'सह-संयोजक के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। निषाद की इस राष्ट्रीय स्तर की नियुक्ति से पूरे कुरूद व भखारा क्षेत्र सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ ओबीसी समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह नियुक्ति उनके वर्षों के संघर्ष, उत्कृष्ट नेतृत्व, निस्वार्थ जनसेवा और मजबूत कार्यशैली का सच्चा प्रतिफल है।

संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और मजबूती

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद-भखारा, जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी एवं नगर पंचायत भखारा-भठेली के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ और बधाइयों के साथ अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विश्वास जताया कि संतोषी निषाद के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा मिलेगी। उनके मार्गदर्शन में संगठन न केवल धरातल पर और अधिक मजबूत होगा, बल्कि जनसेवा के कार्यों को भी नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी।

रजिन्दर खनूजा बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा नेता रजिन्दर खनूजा को भारत स्काउट एवं गाइडस छत्तीसगढ़ का प्रदेश मिडिया प्रभारी नियुक्त किया गया हैं.यह नियुक्ति मुख्य आयुक्त स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंग खालसा द्वारा की गयी हैं. अपनी नियुक्ति पर खनूजा नें प्रदेश आयुक्त इंद्रजीत सिंग खालसा, भाजपा संगठन के सारंगढ़ बिलाईगढ़ प्रभारी शंकर अग्रवाल सहित सांसद रुपकुमारी चौधरी, एवं क्षेत्रीय विधायक सम्पत अग्रवाल सहित सभी शुभचिंतको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के अनुरूप मिडिया कार्य हेतु तत्पर रहेंगे. इनकी नियुक्ति पर भाजपा

नेता प्रीतराम सूर्ये नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी.भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वेदप्रकाश गोयल, रैदास गोयल, लक्ष्मीकांत सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, शशि डडसेना पार्षद मन्नू ठाकुर, संदीप सेन प्रेम राजन रौतिया, संतोष ड़ड़सेना, रामकुवर डडसेना, पुष्पकांत पटेल, कौसल दास मानिकपुरी, एल्डरमैन नरेश सिंघल, सतप्रीत विक्की सलूजा, एवं किशोर पटेल,प्यारी लाल नायक आदि ने बधाई दी।

जुनवानी हत्याकांड : नार्को टेस्ट की मांग

पुलिस एवं अन्य आरोपियों पर लगाया गंभीर आरोप

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के भटगांव थाना के अंतर्गत ग्राम जुनवानी नवापारा में हुए किसान की निर्मम हत्या के मामलें में पीड़ित परिवार ने नई मोड़ ला दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर हत्या के मामलें में आशंका जाहिर करते हुए सीबीआई और नार्को टेस्ट जांच की मांग की है।

दरसल पीड़ित परिवार मृतक के पुत्र बलेश्वर टंडन व फुलेश्वर टंडन का कहना है कि मृतक

तुलसीदास टंडन की हत्या एक एकेले व्यक्ति ने नहीं बल्कि सोची-समझी एक साजिश के तहत की गई हत्या है। आपको बता दें कि भटगांव थाना पुलिस ने इस हत्या कांड के के आरोप में 13 जुलाई क़ो एक 67 साल के बुजुर्ग सकराम कुर्रे को गिरफ्तार कर मामले की खुलासा किये और जेल भेज दिए जब इनकी जानकारी मृतक के परिजन क़ो हुई तो बड़ी संख्या मे 13 जुलाई शाम क़ो ही भटगांव थाना पहुंचकर लिखित मे आवेदन देकर मामले मे संलिप्त अन्य आरोपीयो क़ो छोड़ने व उनके ऊपर पुनः जाँच करके कार्यवाही की मांग किये थे लेकिन 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई जाँच व कार्यवाही परिजनों क़ो नजर नहीं आया जिसके बाद 22 जुलाई क़ो पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे जाकर सकराम टंडन के साथ उनके पुत्र पवन कुर्रे, प्रदीप कुर्रे एवं गौतम कुर्रे पर इस घटना मे संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए इस घटना की पुनः जाँच, सी. बी. आई जाँच एवं नार्को टेस्ट की मांग किये है।

बोराई थाना में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह को विदाई

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के विकासखंड नगरी अंतर्गत बोराई थाना में पदस्थ थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह के स्थानांतरण पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना स्टाफ ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के साथ किया। उनके सरल व्यवहार, अनुशासित कार्यशैली एवं टीम भावना को सदैव याद रखा जाएगा।

नया बस स्टैंड में अव्यवस्था, बीच सड़क पर खड़ी होती हैं बसें

यात्रियों और राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर के न्यू बस स्टैंड की अव्यवस्था इन दिनों चरम पर है। बस स्टैंड के अंदर बसों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करने की कोई व्यवस्था नहीं है। चालकों द्वारा बसों को बीच सड़क में ही कहीं भी खड़ा कर दिया जाता है, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों और अन्य वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जैसा कि तस्वीर में साफ देखा जा सकता है, बस स्टैंड परिसर में ही कार और बाइकें अव्यवस्थित तरीके से खड़ी हैं। एक

सफेद कार बीच रास्ते में खड़ी है और उसके ठीक पीछे दो बड़ी बसें आड़ी-तिरछी खड़ी हैं। इससे बस स्टैंड के अंदर ही जाम जैसे हालात बन गए हैं। पैदल चलने वाले यात्रियों को भी निकलने के लिए जगह नहीं मिल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में न तो निर्धारित पार्किंग स्थल का पालन किया जा रहा है और न ही यातायात को नियंत्रित करने के लिए कोई कर्मचारी तैनात है। बसें अपनी मर्जी से कहीं भी रोक दी जाती हैं और सवारियों को बैठाने के लिए काफी देर तक बीच सड़क पर ही खड़ी रहती हैं। इस अव्यवस्था के कारण दिनभर में कई बार जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि न्यू बस स्टैंड में पार्किंग व्यवस्था को सुधारा जाए, बसों के खड़े करने के लिए निश्चित स्थान तय किया जाए और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारी तैनात किए जाएं।

पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार का पुतला दहन

बागबाहरा/नवप्रदेश। देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आ रहे कथित पेपर लीक मामलों, नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस कार्रवाई तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में गुरुवार को बागबाहरा में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में अशोक होटल के पास कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफनारेबाजी भी की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं वर्षों की मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं उनकी उम्मीदों पर पानी फेर देती हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से

विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और राहुल गांधी को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कांग्रेस ने मांग की कि पेपर लीक के मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की जवाबदेही तय की जाए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक आधार पर इस्तीफा दें। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि युवाओं की मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

प्रयास स्कूल प्रवेश परीक्षा में पिथौरा के चार होनहार विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

पिथौरा/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणामों में पिथौरा के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर अपने परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों में नयन कुमार बंसल पिता अनूप बंसल, सार्थक अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल, आशिया यादव पित रामचरण यादव तथा मनीत कौर पिता संदीप छाबड़ा शामिल हैं।

इन होनहार विद्यार्थियों की सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रयास विद्यालय में चयन को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है। यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए जाना जाता है, जहां चयनित विद्यार्थियों को आगे अपनी प्रतिभा निखारने और विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर मिलेगा। परिजनों और शुभचिंतकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

गरियाबंद में सांसद निधि के कार्यों पर उठे सवाल रेल लाइन की वर्षों पुरानी मांग फिर हुई तेज

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सांसद रूप कुमारी चौधारी द्वारा सांसद अपने विकास निधि से गरियाबंद जिले में अब तक 2024 से 2025 एवम 2025 से 2026 अब तक कुल 174.47 डेढ़ करोड़ अधिक से स्वीकृत विकास कार्यों के वितरण को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्वीकृत राशि का वितरण सभी क्षेत्रों में समान रूप से नहीं हुआ है।राजिम विधानसभा क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं।जबकि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र को कम प्राथमिकता मिली विकासखंड देवभोग को 10 लाख के आस

पास मिला है। वहीं ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में एक साथ तीन विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं जो 18 लाख की हैं। भवन निर्माण 8 लाख, सी सी रोड़ निर्माण 5 लाख के दो अलग स्थानों के लिए दिया गाया हैं। जबकि कई पंचायतों को एक भी कार्य नहीं मिला। इस ग्राम के ग्रामीण विकास के लिए तरस रहें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सांसद निधि का संतुलित विकास होता तो सभी पंचायतों को समान अवसर मिलना चाहिए। कई स्थानों पर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि कुछ पंचायतों को अधिक कार्य मिलने के पीछे कहीं कमीशनखोरी तो नहीं हैं। इसे लेकर लोगों में चर्चा हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता की मांग लगातार उठ रही है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की राशि विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इनमें कोई बड़ा और स्थायी महत्व का निर्माण कार्य शामिल नहीं है। अधिकांश कार्य छोटे स्तर के काम हैं।

विधायक भावना बोहरा ने विकास कार्यों का लिया जायजा, सुनीं जनसमस्याएं

■ **पंडरिया नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण, वनांचल ग्रामों में जनचौपाल :**

कवर्धा / नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने आज प्रातः नगर पालिका परिषद पंडरिया के विभिन्न वार्डों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। पंडरिया नगर में निरिक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, नालियों, चौपाटी, यातायात, स्वच्छता, तालाबों की सफाई, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने दूरस्थ व वनांचल ग्राम माठपुर, डालामौहा एवं चिंयाडांड में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारीयों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर विकास कार्यों को गति दे रही है। पंडरिया नगर में वर्षों से लंबित और बहुप्रतीक्षित मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। हमारा संकल्प प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं और विकास एवं अधोसंरचना निर्माण से बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुँचाना है। आज पंडरिया नगर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और प्रशासनिक ढांचे के साथ न्यायिक अधोसंरचना को भी नई मजबूती मिल रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद विगत वर्षों में पंडरिया विधानसभा में 1000 करोड़ से अधिक के विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य हो रहें हैं जिसमें कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कुछ कार्य प्रगतिरत हैं। पंडरिया नगर में भी जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाल पुल निर्माण, पंडरिया बाईपास, पंडरिया नगर मुख्य मार्ग का निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक सड़क निर्माण, नवीन नगर पालिका भवन, 250 सीटर नालंदा परिसर लाइब्रेरी, नवीन व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) भवन निर्माण, व्यावसायिक परिसर, मिनी स्टेडियम, चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, हर वार्ड व प्रमुख सड़कों के निर्माण तथा पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक गाँव तक सड़क, नाली,पुल-पुलिया, बिजली, प्रकाश व्यवस्था व पेयजल सुविधा जैसे जनसुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों से पंडरिया नगर आज विकास के नए अध्याय लिख रहा है और समृद्धि हो रहा है।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों के साथ-साथ दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र भी निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहें हैं जिसका प्रत्यक्ष लाभ हमारे आदिवासी भाई-बहनों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों के विकास को नई दिशा और नई गति दी है। आज जिन गाँवों में वर्षों तक सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पेयजल, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, वहाँ तेज़ी से विकास कार्य हो रहे हैं। पंडरिया विधानसभा के दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के एक नए युग की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से आज इन वनांचल क्षेत्रों में लगभग 200 किलोमीटर के पक्के सड़कों का निर्माण हुआ जिससे सुगम और सुरक्षित आवगमन की सुविधा तथा हर मौसम में बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिल रहा है और यही सड़कें विकास कार्यों को प्रत्येक गाँव तक पहुँच सुनिश्चित कर रही हैं। लगभग 3500 पीएम आवास की स्वीकृति मिलने से उन्हें पक्की छत मिली है, टैंकरों के माध्यम से दुर्गम इलाकों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है, विद्युत्विहीन ग्रामों में बिजली की पहुँच से उनका जीवन रोशन हो रहा है। सिंचाई परियोजनाओं से उनके खेतों तक पानी पहुँच रही है। पुल-पुलिया निर्माण और कुई-कुकदुर में महाविद्यालय की स्थापना जैसे कार्यों से विकास की रोशनी वनांचल क्षेत्रों में पहुँच रही है। आज इन विकास कार्यों और प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के हर गाँव और नगर में जन-जन की सुविधा व क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हुआ है और आगे भी यह सार्थक प्रयास एवं विकास के कार्य निरन्तर जारी रहेंगे।

न्यूज गैलरी

पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर तैयारी शुरू

टेड़ेसरा / राजनांदगांव /नव प्रदेश। सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा 16वें वंश प्रताप आचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है । जिसका बैठक सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन छत्तीसगढ़ राज्य सम्माननीय राष्ट्रीय महासचिव सम्माननीय राष्ट्रीय प्रतिनिधि गण एस केडीवी मिशन सम्माननीय राज्य प्रतिनिधि गण एस केडीवी मिशन छत्तीसगढ़ राज्य.समस्त जिला प्रतिनिधि एस केडीवी मिशन जिला राजनादगांव/ खैरागढ़/ कबीरधाम/ बेमेतरा/ दुर्ग/ बालोद/ मोहला मानपुर मिशन द्वारा जिला राजनादगांव मुख्यालय में हरेली महोत्सव की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक दिनांक 22/07/2026 को तहसील साहू भवन, चौखड़िया पारा राजनादगांव में संपन्न किया गया । जिसमें सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रमोद साहेब , महासचिव ऐमन दास साहेब, राज्य प्रतिनिधि आरती दास साहेब , महंत रूपकला माता साहेब एवं जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू, सहप्रतिनिधि नेमूचंद साहू , रेख लाल साहू , प्रकाश साहू तिजेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में समस्त कबीरपंथी समाज उपस्थित रहे। जिसमें दिनांक 2/08/2026को होने जा रहे छत्तीसगढ़ मे प्रथम बार ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ एवं जिले में प्रथम बार यह आयोजन किया जाएगा । जिसमें समस्त कबीरपंथी समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

राज्य खेल अलंकरण के लिए 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य खेल अलंकरण, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पुरस्कार, डाइट मनी तथा खेल संघों के लिए प्रेरणा निधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक एवं खेल संघ 5 अगस्त 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले अथवा अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनियर खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इसी प्रकार विगत पांच वर्षों में चार बार सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान, उत्कृष्ट प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, तथा खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 55 वर्ष या उससे अधिक आयु के खिलाड़ियों एवं खेल व्यक्तित्वों को शहीद विनोद चैबे सम्मान प्रदान किया जाएगा।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कबीरधाम की 40 महिलाओं को मिला स्वरोजगार का नया साधन

कवर्धा / नवप्रदेश। विकास की धारा तभी सफल होती है जब समाज का प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र का समग्र विकास हो। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में ऊर्जा का बहुत महत्व है। घरों में जलते बल्ब जीवन को भी प्रकाशमय करते हैं। बढ़ती जनसंख्या के साथ विद्युत की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा सभी के लिए लाभदायक है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम दरों पर लोगों को वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा का साधन मिले इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए साधनो से जोड़ते हुए रियायती दर पर सौर ऊर्जा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को रौशन करने की योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाई गई। जिस पर जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा अमल करते हुए इसे मूर्त रूप दिया गया। आज कबीरधाम जिले के 40 घरों को सौर ऊर्जा से रौशन करने का कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को मिला है। सोलर दीदी के रूप में कार्य करने के लिए वंदे मातरम संकुल संगठन कवर्धा को जिला पंचायत कबीरधाम बिहान एवं सीएसपीडीसीएल रायपुर के सहयोग से सोलर वेण्डर के रूप में रजिस्टर्ड किया गया। साथ ही टाटा कंपनी के द्वारा सोलर दीदी के रूप में संकुल की 35 महिलाओं को इस व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रशिक्षित किया गया। वेंडर के रूप में रजिस्टर्ड होने के पश्चात जिला अंतर्गत गठित समस्त स्व- सहायता समूह एवं लोकल लोगों को संकुल के माध्यम से सोलर पैनल लगाये जाने प्रचार-प्रसार कर जागरूकता लाई गई।

निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा कार्य मे तेजी लाने के दिए निर्देश

महापौर ने यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का अफसरों के साथ किया निरीक्षण

राजनांदगांव /नव प्रदेश। शहर में चल रहे विकास कार्य निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आयुक्त जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद अमित कुशवाहा व अरूण साहू, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा तथा निगम के तकनीकि व राजस्व अधिकारियो के साथ यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लागर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंन यातायात नगर के शेष भूखण्डो का प्रीमियम निर्धारण करने कहा।

यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर महापौर यादव उद्यान निर्माण कार्य देख, कहा कि उद्यान में सभी आवश्यक सुविधाओ का समावेश हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा कि यातायात नगर पुराना होने के साथ साथ जर्जर स्थिति में आ गया है, जिसके जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था शासन ने बजट प्रावधान किया और नगरीय प्रशासन विभाग की स्वीकृति अनुसार यातायात नगर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके तहत रोड, नाली, पार्किंग स्थल मरम्मत कर डामरीकरण किया जायेगा तथा स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर हॉईमास्क लाईट लगायी जायेगी। सामुदायिक भवन, शौचालय की सुविधा के अलावा पानी की समुचित व्यवस्था की जावेगी।

महापौर ने कहा कि प्रवेश द्वार के आगमन एवं निर्गमन में गार्ड रूप का निर्माण कराना है, जल भराव स्थल का भरान कर पेवर ब्लाक लगाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकनो के पास सीमेंटिकरण कर डिवाईडर एवं रोड साईड रंगाई पोताई करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप यातायात नगर को दुरूस्त कर विकसित करना है। महापौर ने रोड मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा मजदूरो की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने व्यावासायिक परिसर निर्माण, धर्मकाटा, कोल्ड स्टोरेज, पेट्रोल पंप आदि निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य के लिए ले-आउट करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार से भी काम मे तेजी लाने तथा समय सीमा में कार्य पूर्णता के लिए हर संभव प्रयास करने कहा।

आयुक्त मरकाम ने कहा कि यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य में सभी कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाए। निर्माण में गति लाकर गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, उन्होने अधिकारियो से कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग कर प्रतिमाह समीक्षा करे और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे।

महापौर यादव ने राजस्व अधिकारी से कहा कि यातायात नगर के आबंटित भूखण्डों के आबंटितियो को शेष प्रीमियम राशि जमा करने तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानो के आबंटितियो को अनुबंध करा किराया जमा करने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता सु सुषमा साहू व मती गरिमा वर्मा, राजस्व अधिकारी मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर सहित ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

लंबित समस्याओं का निराकरण करने स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़ / नव प्रदेश। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्थानीय संघ कर्मचारियों ने सिविल अस्पताल से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुँच निजी करण का विरोध सहित लंबित मांगो को तत्काल पूरा किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री,और स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा । संघ पदाधिकारियो ने शासन स्तर पर लंबित मांगो के निराकरण, स्वास्थ्य विभाग मे निजीकरण ठेका प्रथा, आऊटसोर्सिंग पर रोक लगाने की मांग की । भोजनावकाश के दौरान निकली रैली मे खैरागढ़, छुईखदान गंडई सहित मरकामटोला, बाजार अतरिया पाडादाह सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे तैनात स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे । संघ जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियो के पुनरीक्षित वेतनमान लागू किए जाने की मांग दो साल बाद भी पूरी नही हो पाई है । शासन द्वारा सहमति के बाद भी कार्यवाही नही होने से कर्मचारी हताश है । समय समय पर विभागीय कर्मचारियो के हितो एवं समस्याओ के लिए भी निवेदन किए जाने के बाद शासन द्वारा अब तक संज्ञान नही लिया गया है । संघ ने समस्याओ मे बताया कि एक पाली मे ओपीडी, आधार बेस अटेंडेंस, पदनाम परिवर्तन, रेडियेशन भत्ता, जोखिम भत्ता, स्वास्थ्य संस्थाओ मे आवास व्यवस्था, समय पर पदोन्नति, समयमान वेतनमान दिए जाने, संविदा कर्मचारियो को विभाग के रिक्त पदो पर सीधी भर्ती मे पचास फीसदी पद आरक्षित करने, संविदा कर्मचारियो को समान कार्य समान वेतनमान संबंधी नीति निर्धारित करने, जैसे समस्याओ पर कोई सकारात्मक पहल सरकार द्वारा नही की गई है । स्वास्थ्य विभाग के लैब को एचएलएल कंपनी को दिए जाने , अमृत फारमेंसी खोले जाने के आदेश से कर्मचारियो को विभाग का निजीकरण होने की आशंका है ।

वनांचल ग्राम मलैदा में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियो को सौंपी घर की चाबी

खैरागढ़ / नव प्रदेश। ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र ग्राम मलैदा पहुँचें जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को पक्के मकानों की चाबी सौंप नए मकान के रहवासियो को शुभकामनाएं दी। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । ग्राम मलैदा के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित पक्के मकानों की चाबी मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जताई । कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से उन्हें पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में इस योजना की गति थम गई थी, जिसके कारण कई वर्षों तक आवास निर्माण कार्य प्रभावित रहा। भाजपा सरकार बनने के बाद मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख लंबित ग्रामीण आवासों को स्वीकृति दी गई, जिससे अब गरीब परिवारों को तेजी से आवास मिल रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर विक्रांत सिंह ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सभी को उठानी चाहिए। कार्यक्रम में पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, टीके चंदेल, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, टोमेश साहू, संजय यदु, कमलेश भदौरिया, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कबीरधाम जिले में 282.9 मिलीमीटर औसत वर्षा: कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 282.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 302.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 230.1 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 268.9 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 201.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 244.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 193.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 414.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 408.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

स्कूलों में हो छात्रों की शत-प्रतिशत नियमित उपस्थिति : ईश्वरी साहू

■ **नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत**

कवर्धा / नवप्रदेश। जिले में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को उत्सव का स्वरूप देते हुए बुधवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, रानी दुर्गावती चैक, कवर्धा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य डॉ. विरेन्द्र कुमार साहू, मनीराम साहू, श्री लोकचंद साहू तथा सांसद प्रतिनिधि श्री गजराज राजपूत विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में भारतीय गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूलों में छात्रों की शत-प्रतिशत एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ-साथ शाला त्यागी बच्चों को पुनः विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 195704/निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./ 2026-27 दि. 21.07.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **07.08.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - धमतरी जिले के रविशंकर सागर बांध गंगरेल के निरीक्षण गृह परिसर एवं दांयी ओर गार्डन का बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 423.25 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(छ.ग. लो.नि.वि के दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित बिल्डिंग एस.ओ.आर. तथा छ.ग. लो.नि.वि के दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित वि/यां एस.ओ.आर. पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **28.07.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग, रूद्री, कोड नं. 38
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी- 262702271/3

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कबीरधाम
C/o कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम
ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह. बोडला, कवर्धा-491995 (छ.ग.)
ई-मेलः poly_kabirdham@rediffmail.com वेब साइटः www.gpkabirdham.ac.in

क्र./ स्थापना/स्था./2026/........ **कवर्धा, दिनांक**

// Walk-in Interview for Part time lecturer //

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कवर्धा में निम्न विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेज़ एवं 01 सेट छायाप्रति के साथ वॉक-इन इंटरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है -

स.क्र.	विषय	रिक्त	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं	साक्षात्कार की तिथि
01	Electrical & Electronics Engineering (Power System)	01	संबंधित संकाय में बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष, चाहे बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में से कोई भी हो।	
02	Electronics and Communication Engineering (VLSI Design)	02	संबंधित संकाय में बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष, चाहे बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में से कोई भी हो।	06/08/2026
03	Computer Science & Engineering (Data Science)	02	संबंधित संकाय में बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष, चाहे बी.ई./बी.टेक और एम.ई./एम.टेक में से कोई भी हो।	
04	Costume Design & Dress Making	01	किसी भी मान्यता प्राप्त वि.वि./संस्था से वस्त्र तथा परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एफ.एस.सी.) अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी स्नातक उपाधि तथा वेशभूषा अभिकल्पन एवं परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम दो वर्षीय पत्रोपाधि	07/08/2026

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in में प्राप्त करेंगे ।
आवश्यकतानुसार उक्त पदों की संख्या कम/ज्यादा अथवा निरस्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेक्निक, कबीरधाम

जी- 262702277/3

आवारा गौवंश की समस्या के समाधान को लेकर नपा की बड़ी पहल

तीन माह के लिए मंडी शेड में होगा संरक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आम नागरिकों को हो रही असुविधा के स्थायी समाधान के लिए नगर पालिका परिषद ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, गौसेवक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, पशुपालन विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारियों ने भाग लेकर मानवीय एवं व्यवस्थित गौसंरक्षण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर में चलाए जाने वाले विशेष अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले आवारा गौवंश को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित शेड में तीन माह तक अस्थायी रूप से रखा जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर से अनुमति प्राप्त करने एवं आवश्यक पत्राचार की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद निभाएगी।

टैगिंग से होगी पहचान और निगरानी : बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले आवारा गौवंश के कानों में विशिष्ट रंग के टैग लगाए जाएंगे, ताकि उनकी पहचान और निगरानी आसानी से की जा सके। भविष्य में नगर क्षेत्र के सभी पालतू मवेशियों की टैगिंग सुनिश्चित करने के लिए पशुपालन विभाग के सहयोग से विशेष अभियान भी संचालित किया जाएगा।

जनसहयोग से बनेगा अभियान सफल : बैठक में मौजूद गौवंश संरक्षण संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने नगर पालिका के इस अभियान में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़ें तथा गौसंरक्षण के इस जनहित अभियान में चारा, पैरा एवं अन्य आवश्यक सामग्री का दान कर सहभागी बनें।

डोर-टू-डोर चारा संग्रह अभियान चलेगा

गौवंश के समुचित भरण-पोषण के लिए नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर चारा संग्रह अभियान चलाया जाएगा। नगरवासियों, किसानों, सामाजिक संस्थाओं एवं गौसेवकों से पैरा, भूसा और अन्य पशु आहार दान करने की अपील की गई है। साथ ही शहर की सब्जी मंडी से प्रतिदिन निकलने वाले उपयोगी सब्जी अपशिष्ट को एकत्रित कर गौवंश के चारे के रूप में उपयोग किया जाएगा। इससे एक ओर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तो दूसरी ओर पशुओं को नियमित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

कांग्रेस ने लगातार पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा की : चंदूलाल साहू

भाजपा ओबीसी मोर्चा का परिचयात्मक समारोह सम्पन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। गुरुवार 23 जुलाई को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला गरियाबंद का कार्यकारिणी परिचायक एवं मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार पिछड़ा वर्ग समाज की उपेक्षा की।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के जिला पदाधिकारियों सदस्यों को सम्बोधित करते हुये, चंदूलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वसमावेशी सर्वस्पर्शी विचारधारा की पार्टी है।इसमें ना कोई छोटा है और ना ही कोई बड़ा, इसीलिये इस पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने के विचार के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठ का गठन किया गया, इन सबका अपना अपना महत्व है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिये प्रयास किया है। जबकि कांग्रेस ने सदैव पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा की है।

अपने उद्बोधन में चंदूलाल साहू ने 1931 को हुई जातिगत जनगणना से लेकर 1947 में आजादी के बाद से अब तक लगातार पिछड़ा वर्ग के संघर्ष को रेखांकित किया।उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद 2017 में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया, जिसे पूर्ण संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ। आज लगभग सभी क्षेत्रों में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि लगातार बारिश के बाद भी, नवगठित ओबीसी मोर्चा की पहली बैठक में मोर्चा पदाधिकारियों सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति उत्साहवर्धक है।

जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष बने हरीश कुमार साहू,संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ नई टीम का गठन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के पंचायत प्रतिनिधियों को एक मजबूत मंच देने और उनके अधिकारों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस गरियाबंद में जिला सरपंच संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिले के सभी विकासखंडों के सरपंच संघ अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में पन्नालाल ध्रुव को जिला संरक्षक, हरीश कुमार साहू को जिला अध्यक्ष, कोमल देव ध्रुव को कार्यकारी अध्यक्ष, हलमनसिंह ध्रुवा को कोषाध्यक्ष तथा पवन सिंह यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। फिंगेश्वर ब्लॉक में पदमामोती निषाद को उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सठकोन साहू, बोधन यदु, तूलेश्वरी साहू, सुरज भारी एवं सुलोचना निर्मलकर का चयन किया गया।मैनपुर ब्लॉक में घनश्याम मरकाम को उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गज्जु नेगी, निर्मला ध्रुव, प्रेमसिला नेताम, द्रुप सिंह ओटी एवं जय राम मांझी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

दिल्ली की घटना के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। देश की राजधानी में नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई से उद्वेलित कांग्रेसजनों ने नीट पेपर लीक के विरोध तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को लेकर विधायक के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के अगुवाई में ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीयमंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतलादहन भी कर दिया। पीसीसी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के बैनरतले कांग्रेस ने दिल्ली की घटना के विरोध में विधानसभा मुख्यालय डोंगरगांव नगर में रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जाहिर किया।

गातापार समिति में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान: बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा की मौजूदगी में हुआ पौधारोपण

किसानों से साधा आत्मीय संवाद

कुरूद/नवप्रदेश। प्राथमिक कृषि साख समिति गातापार परिसर में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत भव्य पौधारोपण एवं किसान संवाद कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने माँ के नाम समर्पित पौधों का रोपण कर पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। पौधारोपण के पश्चात आयोजित संवाद कार्यक्रम में बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने किसान भाइयों से सीधा और आत्मीय संवाद स्थापित किया।

जैविक खेती अपनाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान : किसान भाइयों को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा किः हमारी मिट्टी हमारी भावी पीढ़ियों की अमानत है। रासायनिक खादों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की सेहत बिगड़ रही है। हमें पुनः अपनी पारंपरिक और प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और विषमुक्त अनाज का उत्पादन हो सके। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी एवं वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं किसान भाइयों की भारी संख्या में मौजूदगी रही।

पेज 1 का शेष...

प्रदेश को दिए उप मुख्यमंत्री...

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। यह शिक्षण संस्थान आज भवन, शिक्षकों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के गंभीर अभाव से जूझ रहा है। हर साल इसके कायाकल्प के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वे फाइलों से आगे नहीं बढ़ पाते। इस विद्या के मंदिर से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह, ब्राजील में प्रोफेसर सुकरन राम पटेल, नॉर्वे में चीफ इंजीनियर विकास सिंह ठाकुर, बेंगलुरू की मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर शाश्वत जायसवाल जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। बावजूद इसके, आज यह स्कूल अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। शासन स्तर पर वर्षों से विद्यालय के कायाकल्प और सुविधाएं बढ़ाने की घोषणाएं होती रही हैं, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस हैं। सवाल यह है कि प्रदेश को कई नामचीन हस्तियां देने वाले इस विद्यालय की सुध आखिर कब ली जाएगी?

संसद के बाहर एनडीए-इंडिया...

हंगामा शुरू हो गया। इस पर सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते 3 बजे तक स्थगित कर दी गई। जब दोबारा सदन शुरू हुआ तो सांसदों ने फिर से हंगामा कर दिया। इसके बाद राज्यसभा भी 24 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गई।

पेपर लीक की फास्ट...

फास्ट ट्रैक कोर्ट में 96.28% मामले निपटे

फास्ट ट्रैक कोर्ट का रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, रेप और पॉक्सो मामलों के लिए बनी फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 2019 से 2025 तक 3.06 लाख से ज्यादा मामलों का निपटारा किया है। इन अदालतों में मामलों के निपटारे का रेट 96.28% है, यानी जितने नए मामले आए, लगभग उतने ही मामलों का निपटारा भी हुआ। हालांकि, नए मामले लगातार दर्ज होने के कारण 2025 के अंत तक 2.45 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग थे, जबकि 2024 के अंत में यह संख्या 2.04 लाख थी।

सीजेपी प्रोटेस्ट में विदेशी...

पास पहुंची तो कोर्ट ने इस मामले में तुरंत सुनवाई के लिए सहमति जताई है।

याचिका में क्या कहा गया ?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका में दावा किया गया है कि यह आंदोलन विदेशी फंडिंग पाने वाले संगठनों और कुछ राजनीतिक तत्वों की बड़ी साजिश का हिस्सा था। इसी के साथ इस मामले में एनआईए की जांच की मांग की गई है। अब हाईकोर्ट इस मामले में 24 जुलाई शुक्रवार को सुनवाई करेगा।

ईरान का मिडिल-ईस्ट में ...

गया है। इसके अलावा कुवैत में अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन के ऑपरेशन बेस पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिका ने बुधवार को लगातार 12वीं रात ईरान में इराक बॉर्डर पर स्थित शलमचेह बॉर्डर क्रॉसिंग पर हवाई हमला किया। खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर ने बताया कि इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है।

1950 के दस्तावेज नहीं...

डॉ. प्राची दीवान ने पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश के अनेक भूमिहीन और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पास वर्ष 1950 या उससे पहले के राजस्व एवं अन्य अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में उनके बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रवेश और रोजगार के अवसर प्रभावित होते हैं।

60 दिनों में प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश

अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद आवश्यक दस्तावेजों की समयबद्ध जांच कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी की जाए और 60 दिनों के भीतर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। न्यायालय ने कहा कि पात्र बच्चों और परिवारों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए समयसीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए।

मेहर समुदाय से जुड़े मामले पर फैसला

याचिकाकर्ता मेहर समुदाय से हैं, जिसे अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता प्राप्त है। अधिकारियों ने पहले उन्हें अस्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी किया था, लेकिन स्थायी जाति प्रमाण पत्र के आवेदन इस आधार पर लौटा दिए गए कि वर्ष 1950 या उससे पहले के ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, जिनमें उनके पूर्वजों की जाति का उल्लेख हो। हाईकोर्ट के इस फैसले को ऐसे हजारों परिवारों के लिए राहत माना जा रहा है, जिनके पास पुराने अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों के वैध जाति प्रमाण पत्र पहले से जारी हैं।

नल से जल देने मिशन मोड...

उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना से महिलाओं का समय बचेगा और जलजनित बीमारियों में कमी आएगी तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रत्येक स्रोत के संरक्षण की कार्ययोजना बने

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर समयबद्ध तरीके से रनिंग बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य बाधित नही हो। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि वीबी-जी राम जी एवं स्थानीय संसाधनों, जिला खनिज न्यास (डीएमएफ), सांसद निधि, विधायक निधि, सीएसआर एवं अन्य उपलब्ध स्रोतों से आवश्यक वित्तीय व्यवस्था कर योजनाओं को पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक जिले को जलस्रोतों का आकलन कर नए स्रोतों की पहचान करने, जलस्रोत संरक्षण एवं रिचार्ज व्यवस्था विकसित करने तथा प्रत्येक स्रोत के संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में वर्तमान स्रोत से पेयजल उपलब्ध कराना संभव नहीं है, उनके लिए वैकल्पिक स्रोतों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल से वंचित नहीं रखा जा सकता। बैठक में सोलर आधारित नल जल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि योजना-वार विश्लेषण कर स्वीकृत राशि एवं व्यय का समुचित मिलान किया जाए।

पांच साल में मध्य प्रदेश...

ने खोजकर उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाया है।

सदन में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार

सरकार की ओर से सदन में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत नाबालिग लड़कियों के लापता होने के मामलों में अपहरण का मामला दर्ज किया जाता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे मामलों की जांच गंभीरता और प्राथमिकता के साथ हो तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वर्षवार आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 में 9,407, 2022 में 9,093, 2023 में 11,250, 2024 में 11,907 और 2025 में 13,146 लड़कियों के लापता होने के मामले दर्ज हुए। इन आंकड़ों से साफ है कि वर्ष 2025 में पिछले पांच वर्षों की तुलना में सबसे अधिक मामले सामने आए।

पुलिस लगातार कार्रवाई करती रही

सरकार ने यह भी बताया कि इसी अवधि में पुलिस ने 61,498 लड़कियों को खोजकर सुरक्षित वापस लाया है। इस संख्या में वे मामले भी शामिल हैं जो पिछले वर्षों से लंबित थे। विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 की शुरुआत में 3,627 मामले पहले से लंबित थे, जिन पर भी पुलिस लगातार कार्रवाई करती रही।

2026 में 6,309 लड़कियां लापता

साल 2026 के शुरुआती पांच महीनों में ही 6,309 नई लड़कियों के लापता होने के मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन सभी मामलों में पुलिस जांच कर रही है और लापता लड़कियों की तलाश जारी है। लड़कियों की सुरक्षा और गुमशुदगी के बढ़ते मामलों को लेकर विधानसभा में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना। सरकार का कहना है कि पुलिस को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और लापता बच्चों एवं लड़कियों की तलाश के लिए विशेष अभियान भी लगातार चलाए जा रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430107300017

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी विकास सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता करहीडीह, गुंजन सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता करहीडीह, दर्शना सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता करहीडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 141(0.5200), 168 (0.4400), 171 (0.7900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विकास सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता करहीडीह, के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430107300018

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी दर्शना सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता, विकास सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता, गुंजन सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 167(0.3400), 169 (1.8700), 173 (0.9100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विकास सोलंकी पिता/पति जयंतीलाल सोलंकी पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.07.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै गिरजा शंकर साहू (माता/पिता/ पालक का नाम) सुपुत्र/ पत्नी छन्नु लाल साहू निवासी :-कातरो पोस्ट खोपली तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. अपने नाबालिग सुपुत्र /सुपुत्री का नाम एकलव्य (EKLAV) पिता गिरजा शंकर साहू (GIRJA SHANKAR SAHU) से बदलकर एकलव्य (EKLAVYA) पिता गिरजा शंकर साहू (GIRIA SHANKAR SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गिरजा शंकर साहू
पिता छन्नुलाल साहू
निवासी :-कातरो पोस्ट खोपली
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं लक्ष्मण राव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र /सुपुत्री / पत्नी / पिता अप्पाराव गाँव/शहर ईडब्लूएस हॉऊसिंग बोर्ड भिलाई तहसील भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में अपना नाम लक्ष्मण राव (LAXMAN RAO) पिता अप्पाराव (APPARAO) (पुराना नाम) से बदल कर एम. लक्ष्मण राव (M. LAXMAN RAO) पिता एम. अप्पा राव (M. APPA RAO) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
लक्ष्मण राव पिता अप्पाराव
गाँव/शहर ईडब्लूएस हॉऊसिंग
बोर्ड भिलाई तहसील भिलाई
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कमल बाई यादव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र /सुपुत्री/पत्नी हिरामन यादव वर्तमान निवासी मकान नं. 12, खुरसुल बोरई जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम (पुराना नाम) कमल बाई यादव (KAMAL BAI YADAV) पति हिरामन यादव (HIRAMAN YADAV) से बदलकर कमला बाई यादव (KAMLA BAI YADAV) पति हिरामन यादव (HIRAMAN YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कमल बाई यादव
सुपुत्री/पत्नी हिरामन यादव
वर्तमान निवासी मकान नं. 12,
खुरसुल बोरई जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600089

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी नीरज कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गीता साहू पिता/पति स्व. लालाराम साहू पता पुरानी बस्ती वार्ड 54 पोटियाकला दुर्ग, नीरा बाई साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, विनित कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, वोजेश कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता, ललित साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गुणवंत कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 239/5(0.0450), 433/11(0.2020), 241/2 (0.0080), 438/3 (0.4090), 241/4(0.0080), 473/12 (0.5060), 433/8 (0.6070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता वोजेश कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता, विनित कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गुणवंत कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता, ललित साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गीता साहू पिता/पति स्व. लालाराम साहू पता पुरानी बस्ती वार्ड 54 पोटियाकला दुर्ग, नीरज कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600090

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी धनेशराम पिता/पति विष्णुराम साहू पता पोटियाकला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 231/3(0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ललित साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गीता साहू पिता/पति स्व. लालाराम साहू पता पुरानी बस्ती वार्ड 54 पोटियाकला दुर्ग, वोजेश कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता, नीरज कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, विनित कुमार साहू पिता/पति स्व. धनेशराम साहू पता, गुणवंत कुमार साहू पिता/पति लालाराम साहू पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता जसपाल सिंग (JASPAL SINGH) पिता प्रीतम सिग (PRITAM SINGH) निवासी क्वा.नं. 6/ए स्ट्रीट नं.11 भिलाई सेक्टर-2 वेस्ट भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य में अपने नाबालिग पुत्र शुभजोत सिंग डीगी (shubhjot singh Dingi) पिता जसपाल सिंग (jaspal singh) (पुराना नाग) से बदल कर शुभजोत सिंह (SHUBHJOT SINGH) पिता विनोद साहू (JASPAL SINGH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
जसपाल सिंग पिता प्रीतम सिग
निवासी क्वा.नं.6/9 स्ट्रीट नं.11
भिलाई सेक्टर-2 वेस्ट भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक अभिषेक घोष दस्तीदार पिता स्व. मनोतोष घोष दस्तीदार निवासी भिलाई नगर तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम जेवरा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 249/22 रकबा 0.0557 हे. भूमि जो कि मनोतोष घोष दस्तीदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 24.07.2019 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं आर.पी. शर्मा/ (Ramehwar Prasad Sharma) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) आ. पालु राम शर्मा, पता- मकान नं 318/के, वार्ड नं 13, कृष्णा विद्यालय के सामने, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम आर.पी. शर्मा/ (Ramehwar Prasad Sharma) (पुराना नाम) से बदलकर पूरा व सही नाम रामेश्वर प्रसाद शर्मा / (Rameshwar Prasad Sharma) आ. पालु राम शर्मा रख लिया है।

संजीव मिश्रा
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8435051033

नाम-परिवर्तन

मैं कुशल राम चौरेन्द्र (पिता) सुपुत्र छन्नू लाल चौरेन्द्र, गाँव/शहर- क्वा. नं.- 84 बी, रिसाली, सेक्टर, भिलाई, तहसील- दुर्ग, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम भव्य कुशल चौरेन्द्र (BHAVY KUSHAL CHOURENDRA) (पुराना नाम) से बदल कर भव्य चौरेन्द्र (BHAVY CHOURENDRA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कुशल राम चौरेन्द्र
पिता छन्नू लाल चौरेन्द्र
गाँव/शहर- क्वा. नं.- 84 बी,
रिसाली, सेक्टर, भिलाई,
तह. दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं खुशबू खातून (KHUSHBU KHATUN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) ध.प. मोहम्मद हलीम, निवासी- म.नं.-51, वार्ड नं.-29, पोल नं.-08, पंचशील नगर, खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम खुशबू खातून (KHUSHBU KHATUN) (पुराना नाम) से बदल कर खुशबू (KHUSHBOO) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
खुशबू खातून ध.प. मोहम्मद हलीम
निवासी- म.नं.-51, वार्ड नं.-29,
पोल नं.-08, पंचशील नगर,
खुर्सीपार भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती सुषमा चौधरी (SUSHMA CHOHDHARY) पति अभिमन्यु चौधरी उम्र 42 वर्ष, निवासी 100, वार्ड नं. 14, चौधरी निवास, सुंदर विहार कॉलोनी, कुरूद, जामुल, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र अंकित चौधरी के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में पुत्र की माता अर्थात मेरा नाम सुषमा चौधरी (SUSHMA CHOHDHARY) दर्ज है हिन्दी में अंकित नाम सही है अंग्रेजी में नाम सही नाम (SUSHMA CHOHDHARY) दर्ज होना है जो त्रुटिवश (SHUSHMA CHOHDHARY) दर्ज हो गया है। अंग्रेजी में मेरा सही नाम (SUSHMA CHOHDHARY) है। यह कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंग्रेजी में (SHUSHMA CHOHDHARY) के स्थान पर सही नाम (SUSHMA CHOHDHARY) संशोधित कर/सुधार हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन कराना चाहती हूँ। जिस संबंध में यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
सुषमा चौधरी पति अभिमन्यु चौधरी
निवासी 100, वार्ड नं. 14, चौधरी
निवास, सुंदर विहार कॉलोनी, कुरूद,
जामुल, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

अमूल ने डेयरी के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक को बनाया बदलाव का आधार

■ 'गाय से क्लाउड और क्लाउड से ग्राहक' तक पहुंची सहकारिता

आनंद (गुजरात)/नवप्रदेश। अमूल ने डेयरी सहकारिता को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए पशु स्वास्थ्य, कृत्रिम गर्भाधान, दूध संग्रहण, गुणवत्ता परीक्षण, भुगतान और आपूर्ति श्रृंखला को आधुनिक तकनीकी प्रणालियों से एकीकृत किया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित किसान सहायता, डिजिटल पशु चिकित्सा सेवा, पशुओं की गतिविधियों की निगरानी के लिए स्मार्ट नेक बेल्ट, सेक्स-सॉर्टेड सीमेन, जीपीएस आधारित दूध टैंकर निगरानी और ड्रोन आधारित जैविक खेती जैसी पहलें अमूल के डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा हैं। यह जानकारी अमूल की मानव संसाधन प्रमुख डॉ. प्रीति शुक्ला ने गुजरात के पांच दिवसीय अध्ययन दौरे पर आए छत्तीसगढ़ के पत्रकार दल को अमूल डेयरी की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए दी। उन्होंने बताया कि अमूल ने पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार के लिए कई तकनीकी पहल की हैं। स्मार्ट नेक बेल्ट के माध्यम से पशु की गतिविधियों, भोजन, आराम और मद चक्र की निगरानी की जा रही है। इससे पशु के बीमार होने के शुरुआती संकेत मिलने और कृत्रिम गर्भाधान के लिए सही समय की पहचान में मदद मिलती है। किसानों को यह सुविधा लगभग तीन रुपये प्रति पशु प्रतिदिन के किराये पर उपलब्ध कराने का मॉडल विकसित किया गया है।

अमूल डिजिटल परिवर्तन 'गाय से क्लाउड और क्लाउड से ग्राहक' की अवधारणा पर आधारित

डॉ. शुक्ला ने बताया कि अमूल का डिजिटल परिवर्तन 'गाय से क्लाउड और क्लाउड से ग्राहक' की अवधारणा पर आधारित है। इसके तहत पशु के जन्म और पहचान से लेकर उसके स्वास्थ्य, प्रजनन और टीकाकरण तक का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। किसान डिजिटल माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाएं और कृत्रिम गर्भाधान की बुकिंग कर सकते हैं। इससे सेवा की पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ किसानों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

न्यूज गैलरी

रायपुर मंडल की कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें रद्द

23 जुलाई को रद्द रहने वाली प्रमुख ट्रेनें
68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू
68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू
68733 गेवरा रोड-बिलासपु मेमू
68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू
58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर
58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर।

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भाटापारा और हथबंध रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। इस आधुनिक प्रणाली को लागू करने और संरक्षा कार्यों को गति देने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा 23 और 24 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इस तकनीकी कार्य के कारण रेल परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसके चलते इस मार्ग पर चलने वाली कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ऑटोमैटिक सिग्नलिंग शुरू होने से भविष्य में ट्रेनों की गति में सुधार होगा और परिचालन अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

कलिंगा यूनिवर्सिटी ने एमएमआई नारायणा अस्पताल, के साथ कर्मचारी और छात्र कल्याण को मजबूत किया

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक, कलिंगा यूनिवर्सिटी, अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सर्वांगीण विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के अपने दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, विश्वविद्यालय लगातार ऐसी पहल करता है जो एक स्वस्थ, सुरक्षित और सहायक शैक्षणिक वातावरण में योगदान देती हैं। इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप, कलिंगा यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, एमएमआई नारायणा अस्पताल के साथ एक सहयोगात्मक संबंध स्थापित किया है। यह साझेदारी निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने और अपने शैक्षणिक समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति विश्वविद्यालय के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाती है। एमएमआई नारायणा अस्पताल के स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम ने शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता और परिवार स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कलिंगा यूनिवर्सिटी परिसर का दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान, अस्पताल के प्रतिनिधियों ने अस्पताल के उन्नत चिकित्सा बुनियादी ढांचे, सुपर-स्पेशियलिटी विभागों, आपातकालीन और क्रिटिकल केयर सेवाओं, नैदानिक सुविधाओं, निवारक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों और रोगी-केंद्रित उपचार दृष्टिकोण को उजागर करने वाली एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। सत्र में स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और निवारक देखभाल के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 'एनएच फैमिली प्रिविलेज केयर' की शुरुआत थी, जो एक विशेष परिवार स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसे प्रेरणादायक थीम ÷जहाँ देखभाल परिवार जैसी महसूस होती है÷ के तहत कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल और विशेष स्वास्थ्य लाभ देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल, महामाया गेट के लिए 24.53 लाख स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका में महामाया गेट के निर्माण के लिए 24 लाख 53 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं।

कोयलीबेड़ा के बड़ेझारकट्टा एनीकट निर्माण के लिए 7.68 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले के विकासखण्ड-कोयलीबेड़ा के बड़ेझारकट्टा एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ 68 लाख 61 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर क्षेत्र में निस्तारी, भू-जल संवर्धन, पेयजल एवं किसानों के द्वारा स्वयं के साधनों से करीब 250 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, अवैध रेत कारोबार पर शिकंजा

■ मरवाही में अवैध रेत भंडारण स्थल सील, दो ट्रैक्टर वाहन जब्त; मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण से बढ़ा जनविश्वास

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण की नीति अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट परिणाम दे रही है। इसी कड़ी में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अवैध रेत भंडारण स्थल को सीलबंद किया तथा अवैध परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कर सख्त कार्रवाई की है।

कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप शासन की प्राथमिकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए तथा जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में मरवाही के सिवनी चौक स्थित अवैध रेत भंडारण की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच के उपरांत संबंधित भंडारणकर्ता को 15 जुलाई 2026 को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। निर्धारित अवधि में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के प्रावधानों के तहत अवैध रेत भंडारण स्थल को मौके पर ही सीलबंद कर दिया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त अन्य शिकायतों के आधार पर मरवाही एवं पिपरिया क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को भी जब्त किया गया। जब्त वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज संबंधी प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रखते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदली अशोक के घर की तस्वीर

■ सोलर ऊर्जा से बिजली बिल में आई बड़ी राहत, स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए लोगों को किया प्रेरित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्रदेशभर में आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। जशपुर जिले में भी यह योजना लोगों के बिजली खर्च को कम करने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बन रही है। जशपुर जिले के हितग्राही अशोक कुमार गुप्ता ने योजना के तहत अपने घर की छत पर रूफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित कराया है। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल काफी अधिक आता था, जिससे नियमित आर्थिक बोझ बना रहता था। सोलर प्लांट लगने के बाद बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और अब बिजली बिल की चिंता लगभग समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल सूर्य की ऊर्जा से बिजली का उत्पादन करता है।

घरेलू उपयोग के बाद बची हुई बिजली विद्युत वितरण कंपनी के ग्रिड में चली जाती है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है।

जशपुर वनमण्डल की गजरथ यात्रा-2026 शुरू हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर वनमण्डल की गजरथ यात्रा-2026 शुरू, हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान तेजमानव-हाथी द्वंद की घटनाओं में कमी लाने और आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में हाथियों के प्रति वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से जशपुर वनमण्डल द्वारा गजरथ यात्रा-2026 का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान हाथी प्रभावित संवेदनशील (येलो ज़ोन) क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जहां वन विभाग की टीमें विद्यालयों और गांवों में पहुंचकर हाथियों के व्यवहार, उनके प्राकृतिक आवास तथा सुरक्षित सहअस्तित्व के संबंध में जानकारी दे रही हैं। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में आयोजित गजरथ यात्रा के दौरान वन परिक्षेत्र तपकरा के 15 विद्यालयों के 1,542 विद्यार्थियों को हाथियों की जैविक एवं व्यवहारिक विशेषताओं, उनके प्राकृतिक आवास, भ्रमण मार्ग, भोजन एवं जल स्रोत, झुंड की संरचना तथा मानव-हाथी सहअस्तित्व से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी दी गई थी।

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर रायपुर प्रेस क्लब का विशेष आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित 'मार्तंड उत्सव' की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए रायपुर प्रेस क्लब विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में 19 से 21 अगस्त तक तीन दिवसीय विशेष आयोजन दृश्य संवाद 2026 : फोटो जर्नलिस्ट फेस्ट आयोजित करेगा। इस आयोजन के माध्यम से फोटो पत्रकारिता, फोटो प्रदर्शनी , और फोटो ग्राफी का तकनीकी प्रशिक्षण ,फोटोग्राफी की सृजनात्मक दुनिया को एक साझा मंच प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को प्रेस क्लब की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष मोहन तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/820 Raipur, date 22.07.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/54	Annual maintenance & upkeep of various garden, lawns situated in difference location inside power house complex and MHP & CW pump house area at HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-Comp. No. 389780**	21.42 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/55	Making of cement concrete road at 400KV switch yard 4x210MW HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-Comp. No. 308763**	18.00 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/56	Urgent dismantling of existing foundation and micro concrete works for new base frame of 04 nos. of boiler feed pump at 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 372301**	5.69 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/57	Miscellaneous civil works in AC plant, AHUs of feeder floor, BMD-I (AH&F), DM plant, near debris filter of unit IV, near BFP unit III and store room near chimney-II for Ash Handling-I at 4x210MW HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 337393**	5.58 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY S-48532/3

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

रक्षा व खुशहाली के लिए आप ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी द्वारा सामुहिक रूप हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया । राजधानी रायपुर में बूढ़ेश्वर मंदिर बुढ़ापारा में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यह आयोजन प्रदेश के अनेक विधानसभा क्षेत्रों में किया गया।यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रदेश और देश में शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने के सामुहिक संकल्प के साथ किया गया। पार्टी नेताओं ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी, दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक मुकेश अहलावत के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिला, ब्लॉक एवं विधानसभा स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आमजनों ने भाग लिया।

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.

// ईश्तहार//

क्रमांक/ / बी-121/2026
रायपुर, दिनांक 23/7/2026
ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/आवेदक अंशु गोड़ पिता स्वामीनाथ गोड़ द्वारा इस न्यायालय जन्म प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता/पति पुत्र - प्रहलाद गोड़ की जन्म दिनांक 6-7-2012 को हॉस्पिटल आरोग्य धाम हास्पीटल टाटीबंध में हो चुकी है। उनके जन्म उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेवक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रत्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31/7/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

कार्यपालन दंडाधिकारी
रायपुर, छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 33624 दिनांक 22.07.2026
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR568A00995** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **1. PRAMOD KUMAR NATH 2. PRASANAT KUMAR NATH** पिता / पति श्री/ श्रीमती **NARAYAN NATH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SMT. NIRISHA UMREDKAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **SHRI NILAY UMREDKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(NAAC A+ Accredited Central University / NAAC द्वारा A+ ग्रेड मान्यता प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Website: www.dhsgsu.edu.in

स्नातक प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु सूचनाः 2026-27
ADMISSION NOTICE FOR UNDERGRADUATE PROGRAMS: 2026-27

निम्नलिखित विषयों पर स्नातक कार्यक्रमों (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः
(1) बैचलर ऑफ आर्ट्स (बी.ए.) (2) बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बी.एफ.ए.) (3) बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम) (4) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) (ऑनर्स) (5) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए. बैंकिंग एण्ड फाइनेंस) (6) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. बायो. समूह) (7) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. गणित. समूह) (8) बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) (9) बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्म.) (10) बी.ए.एलएल.बी. (ऑनर्स 05 वर्ष) (11) बैचलर ऑफ आर्ट्स (जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) (बी. ए.जे.एम.सी.) (12) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (तबला तालवाद्य) (13) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत) (14) बैचलर ऑफ आर्ट्स (वैदिक अध्ययन) (15) बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी साहित्य) (ऑनर्स)।
एकीकृत शिक्षा आईटीईपी कार्यक्रमः (1) बी.ए. बी.एड. (2) बी.एस.सी. - बी.एड (बॉयो / गणित समूह) (3) बी.कॉम.- बी.एड.

पंजीकरण की अंतिम तिथि	26.07.2026	**संपर्क विवरणः**	
		फोन. 07582-297123	**ईमेलः** admission@dhsgsu.edu.in

• प्रवेश संबंधी विवरण, कार्यक्रम और नवीनतम अपडेट के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in का प्रतिदिन अवलोकन करना अपेक्षित है।

CBC 21273/11/0001/2627 **कुलसचिव**

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें । ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर)
नीलाम दिनांक - 29.07.2026
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 09:00 बजे से

प्रजाति	नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा						मिश्रित जलाऊ चट्टा,
	नया लाट		पुराना लाट		योग		
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेंगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेंगरी नग	
1	2	3	4	5	6	7	8
सागौन	8.414	225	141.179	2742	149.593	2967	पुराना
साल	23.697	0	2403.536	8497	2427.233	8497	326
बीजा, शीशम, खम्हार	0.000	0	26.023	733	26.023	733	नया
अन्य प्रजाति	1.399	0	82.052	7124	83.451	7124	0
चिरान काष्ठ	0.000	0	3.557	0	3.557	0	
योग	33.510	225	2656.347	19096	2689.857	19321	326

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है।

टीप :- 01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लाट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा ।

जी- 262702282/6

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर

सम्मान- पत्र

आदरणीय श्री चन्द्रशेखर शिवहरे जी
अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मंडल दुर्ग (छ.ग.)



है कर्मवीर...

कार्य के प्रति समर्पित निष्ठावान, ईमानदार एवं सहज:सरल व्यवहार के धनी आप जैसे व्यक्ति को सम्मानित कर आज हम स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। आपके सदगुण सम्पन्न व्यक्ति त्व को हम सादर नमन करते हैं।

आपको कार्यपालन अभियंता के पद से पदोन्नत होकर अधीक्षण अभियंता के प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त होने के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ।

है आदरणीय...

आप दिनांक 21 जुलाई 2016 को अनुविभागीय अधिकारी के पद पर जल संसाधन उपसंभाग क.02 बेमेतरा, जिला बेमेतरा मे कार्यभार ग्रहण किये। अनुविभागीय अधिकारी का कार्य करते हुए शासन की पदोन्नति नीति के तहत दिनांक 29 जून 2021 को आपकी पदोन्नति अनुविभागीय अधिकारी के पद से कार्यपालन अभियंता के पद पर जल संसाधन संभाग बेमेतरा मे हुई। जहाँ संभाग अंतर्गत विभिन्न लघु सिंचाई योजनाओं के शीर्ष व नहर प्रणाली का निर्माण जीर्णोद्धार, रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य तथा छोटी-बड़ी नदियों में एनीकट, बाढ़ नियंत्रण तटबंध योजनाओं के निर्माण कार्य आपके तकनीकी मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे कराये गये। जिसमें से मुख्यत: बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा कार्य तथा तटबंध एवं सुरक्षा कार्यों मे मश: सलधा, मंगलोर, गड़ुवा, चुहका, देवकर, मऊ बाबाकुटी आदि प्रमुख हैं। इसी प्रकार - व्यपवर्तनों के रिमाडलिंग एवं लाईनिंग के कार्य मश: डोटू नाला व्यपवर्तन, कर्रा व्यपर्वतन, सकरी व्यपवर्तन फेस 01 एवं फेस 02, करूवा व्यपवर्तन, हेम्प व्यपवर्तन आदि प्रमुख हैं। इसी प्रकार जलाशयों के शीर्ष एवं नहर प्रणाली के रिमॉडलिंग एवं लाईनिंग के कार्य मश: निपनिया जलाशय, भनसुली जलाशय, मुलमुला जलाशय आदि प्रमुख हैं। जिससे जिले के सिंचाई योजनाओं से वांछित सिंचाई रकबा को सृजित करना आपके उल्लेखनीय कार्यों की देन है।

आपकी तकनीकी योग्यता एवं कार्यशैली अतुलनीय रही है। आपने सिंचाई क्षेत्र में सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए अलौकिक व्यक्ति त्व एवं अनुपम सेवा कर्तव्य का परिचय देकर जिले के सिंचाई क्षेत्र मे अपनी कालजयी छवि को अभिव्यक्त किया है। आपके कुशल प्रबंधन के कारण शिवनाथ नदी के विभिन्न एनीकटों में भीषण गर्मी के बावजूद भी जून माह के अंत तक एनीकटों में पानी संचित रहा, जिससे जिलेवासियों को आम निस्तारी एवं पीने का पानी उपलब्ध हो सका। ऐसे उल्लेखनीय कार्यों के लिये

आपको राज्य शासन के मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा 'अभियंता प्रतिभा ' से अंलकृत कर सम्मानित किया गया, जिससे जिला बेमेतरा गौरवान्वित हुआ है। इसी प्रकार भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग नई दिल्ली द्वारा दिनांक 6 फरवरी 2024 को आयोजित पार गमन पुरस्कार और सम्मेलन समारोह मे जल निकायो का पुनर्जीवन वर्ग मे विजेता रहने पर पुरस्कृत किया गया, जिससे छत्तीसगढ़ राज्य एवं जिला बेमेतरा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

शासन की पदोन्नति नीति के तहत दिनांक 04 मई 2026 को आपकी पदोन्नति कार्यपालन अभियंता के पद से अधीक्षण अभियंता के पद पर हुई। पदस्थापना नहीं होने के कारण आप कार्यपालन अभियंता के पद पर बने रहे। दिनांक 08 जुलाई 2026 को आपकी पदस्थापना अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग (छ.ग.) में हुई।

इस प्रकार आपने अपने 09 वर्ष 11 माह 12 दिन बेमेतरा जिले में शासनाधीन रहकर निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों को निभाया। आपकी निर्विवाद कार्यशैली एवं सरल व्यवहार के कारण क्षेत्र के कृषकों, आमजनता, जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों के बीच लोकप्रिय रहे, इसी वजह से आप समस्त विभागीय कर्मचारी, अधिकारी तथा सहयोगियों के लिये प्रेरणाश्रोत भी हैं। आपने अपने सहयोगी कर्मचारियों को हमेशा स्नेह दिया है, हमें आप पर गर्व है।

हे आदरणीय...

ईश्वर से प्रार्थना है कि आप अपने नवीन दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए
आज दिनॉंक 1 जुलाई 2026 को पुन: आपको पदोन्नति पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिये मंगलकामनाएँ...
आपकी सेवाएँ सदैव अविस्मरणीय रहेंगी।
आपकी कर्मनिष्ठा, नेतृत्व और सेवाभाव को शत्-शत् नमन !!

शुभेच्छु

समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण एवं ठेकेदार
जल संसाधन संभाग बेमेतरा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

22 दिनों से आंदोलन कर रहे अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने हटाया

■ 27 तक स्कूल नहीं लौटे तो जाएगी नौकरी

दुर्ग/नवप्रदेश। बुधवार की रात पुलिस ने हिंदी भवन के सामने धरना स्थल से टेंट हटा दिया। आज गुरुवार को सुबह धरना स्थल पहुंचने वाले करीब 50 अतिथि शिक्षकों को बसों में बैठाकर पुलिस ले गई। धरनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

इधर स्कूल शिक्षा विभाग ने 22 दिनों से आंदोलन कर रहे अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का अल्टीमेटम दिया है। विभाग ने डीईओ को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 27 जुलाई तक सभी शिक्षकों के स्कूल न लौटने पर नौकरी जाएगी। वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था के निर्देश भी दिए हैं। सभी शिक्षक बस्तर और आदिवासी क्षेत्रों में पदस्थ है। समान वेतन, मानदेय बढ़ाने और संविलियन की मांग को लेकर दुर्ग जिले में हड़ताल कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने अतिथि शिक्षकों को धरना समाप्त करने की चेतावनी दी थी। चेतावनी के बावजूद शिक्षक धरने पर डटे रहे, जिसके बाद देर रात यह कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद अतिथि शिक्षकों ने साफ कहा कि उनका आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। वे फिर से धरना देने की कोशिश करेंगे और उनकी मांगों पर ठोस निर्णय होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अब तक सरकार के साथ केवल चर्चा हुई है, लेकिन किसी भी मांग पर फैसला नहीं लिया गया है।

इससे पहले अतिथि शिक्षकों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के दुर्ग स्थित निवास का करीब 24 घंटे तक घेराव किया था। मंत्री से चर्चा कराने के आश्वासन के बाद शिक्षक वहां से लौटकर हिंदी भवन के सामने धरने पर बैठ गए थे। बुधवार को दोपहर के समय बड़ी संख्या में पुलिस जवान धरना स्थल पहुंचे। शिक्षकों का आरोप है कि पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शाम तक धरना समाप्त करने कहा था। चेतावनी दी थी कि धरना जारी रहने पर अगले दिन से वहां बैठने नहीं दिया जाएगा। देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धरना स्थल से टेंट हटाकर जब्त कर लिया।

अतिथि शिक्षक संघ का कहना है कि उनका आंदोलन संविलियन, सेवा सुरक्षा, समान कार्य के बदले समान वेतन और मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक कई सालों से स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने दूर-दराज और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके बावजूद उनके भविष्य को लेकर अब तक कोई स्थायी नीति नहीं बनाई गई है। इससे पहले बुधवार को भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पहुंचे थे। पुलिस ने अतिथि शिक्षकों से शाम 6 बजे तक धरना समाप्त कर अपने-अपने घर लौटने को कहा था।

स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया सांकेतिक धरना

■ वेतन विसंगति दूर करने सहित कई मांगों को लेकर भोजन अवकाश के दौरान निकाली रैली

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने 22 जुलाई को दुर्ग में सांकेतिक धरना दिया। संघ के बैनर तले कर्मी भोजन अवकाश के दौरान रैली के माध्यम से जिला चिकित्सालय दुर्ग में एकत्र हुए।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और सचिव स्वास्थ्य अमित कटारिया के नाम से मांगो का ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, अस्पताल संयोजक राघवेंद्र साहू, लक्ष्मीकांत धोटे और भूपेश उपाध्याय ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी की प्रमुख मांगों को उठाया गया। सभी कैडरों की वेतन विसंगति दूर करने, सभी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति, ठेका प्रथा और आउटसोर्सिंग और संविदा प्रथा बंद करने प्रदेश में अस्पतालों का निजीकरण बंद करने और जीवन दीप समिति कर्मचारियों को नियमित करने व प्रदेश में रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने मांग की गई।

आंदोलन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल कंचादुर की नर्सिंग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष जैकलीन डॉन, जिला अस्पताल दुर्ग की मंजू राय, कविता साहू, शिवेन्द्र दानी, सुशीला सिंह, धनीराम ठाकुर, यामिनी नेताम, लक्ष्मी कांत, सरस्वती चंद्राकर, योगेश ठाकुर, मुकेश शर्मा, कुलेश्वर देशमुख, सरोज सिंह और रोशन सिंह सहित नर्सिंग कैडर, लैब कैडर, चतुर्थ श्रेणी कैडर, रेडियोग्राफर कैडर, वार्ड वाया, ड्रेसर कैडर, फार्मासिस्ट कैडर, वाहन चालक कैडर, स्वास्थ्य संयोजक, स्वास्थ्य सुपरवाइजर, कैडर बीईटीओ कैडर, संविदा कर्मी, जीवनदीप समिति कर्मचारी और ठेका कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

विधायक चंद्राकर ने किया पौधारोपण

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ग्राम डुंडेरा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण करें। इस अवसर पर मरोदा पुरैना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, पार्षद विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, रोहित धनकर, पूनाराम कलिहारी, इंद्रजीत सोनी, प्रेमनारायण वर्मा, केशव महिपाल, योगेश महिपाल, नारायण निर्मलकर, हर्ष चंद्राकर, दुर्गेश साहू और नंदकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

75 लाख से संवारा जाएगा मुख्य गार्डन

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल के मुख्य गार्डन को अब संवारा जाएगा। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने शिवपुरी स्थित गार्डन को संवारने के लिए स्थलपूजन किया। ठाकुर ने बताया कि वार्ड 18 शिवपुरी का गार्डन जामुल पालिका का मुख्य गार्डन है। इसकी साज सज्जा के लिये 75 लाख रुपये की लागत से उन्नयन कार्य किया जाएगा। गार्डन के संवरने से नगरवासियों को भव्य मनोरम स्थल की सौगात मिलेगी। गार्डन को बड़े रूप में सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। यहां हर नागरिक अपने परिवारजनों के साथ समय अनुसार सुकुन के पल गुजार सकेंगे। स्थल पूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पार्षदगण चुम्मन वर्मा, दीपक गुप्ता, रामदुलार साहु, ईश्वर उपाध्याय, प्रतीक अग्रवाल, बाली बर्मन, उमेश निर्मल, उप अभियंता सचिन भागवत, पुरूषोत्तम सोनी सहित नगरवासी व कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

एमवीएन में उत्साह से मनाया रेन-एंड-ग्रीन डे

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन स्कूल रिसाली के प्री-प्राइमरी वर्ग में 23 जुलाई को 'रेन-एंड-ग्रीन डे' (वर्षा और हरियाली दिवस) का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। आयोजन का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को पेड़ों, वनस्पतियों और मानसून के मौसम के महत्व से अवगत कराना और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे हरे रंग की आकर्षक पोशाकों में स्कूल पहुँचे। पूरे परिसर को थीम के अनुसार पेड़-पौधों, हरी पत्तियों, बारिश की बूंदों, रंग-बिरंगी छतरियों और बादलों के सुंदर कट-आउट्स से सजाया गया था। बच्चे अपने टिफिन में हरे रंग के विशेष खाद्य पदार्थ लेकर आए थे। दिन भर चले मनोरंजक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का समापन बच्चों के चेहरे पर छाई मुस्कान, खिलखिलाहट और गो ग्रीन, स्टे क्लीन के संदेश के साथ हुआ।

अनुविभागीय दंडाधिकारियों की नियुक्ति

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की है। महेश सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग व अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग ग्रामीण, लवकेश ध्रुव संयुक्त कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा व अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा, उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर को अनु. अधिकारी राजस्व पाटन और अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश सोनी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिलाई-3 व अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 का प्रभार दिया गया।

छात्रों से मारपीट के आरोप में प्रधान पाठिका सस्पेंड

दुर्ग/नवप्रदेश। पाटन विकासखंड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतोरा की प्रधान पाठिका ममता शांडिल्य को सस्पेंड कर दिया गया है। प्रधानपाठिका पर छात्रों से मारपीट, अभद्र भाषा का प्रयोग और दुर्व्यवहार करने के आरोप लगे थे। विभागीय जांच में पुष्टि होने पर शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक ने गुरुवार को निलंबन आदेश जारी कर दिया।

बच्चों के साथ ही पालकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रधान पाठिका पर छात्र-छात्राओं से मारपीट, दुर्व्यवहार और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और शिक्षा विभाग से शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर डीईओ अरविंद मिश्रा ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की।

डीईओ ने बताया कि जांच दल ने स्कूल पहुंचकर ग्रामीणों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रधान पाठिका के बयान दर्ज किए। दस्तावेजों और गवाहों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में लगाए गए आरोप सही पाए गए। रिपोर्ट संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय भेजी गई, जिसके आधार पर निलंबन का आदेश जारी किया गया।

निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्रधान पाठिका के व्यवहार से विद्यालय की छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल था। पालकों और जनप्रतिनिधियों में भी उनके प्रति नाराजगी थी। इससे स्कूल का शैक्षणिक और अनुशासनात्मक वातावरण प्रभावित हुआ। निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्रधान पाठिका का आचरण शासकीय दायित्वों के प्रति गैर-जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण और स्वैच्छाचारी था। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग रहेगा।

ग्रामीणों के अनुसार प्रधान पाठिका के खिलाफ मार्च 2026 में भी शिक्षा मंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत दी गई थी। उनका आरोप था कि उस समय जांच शुरू हुई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हाल की घटना के बाद ग्रामीण, पालक, जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चे डीईओ कार्यालय पहुंचे और निलंबन की मांग की।

शिकायत पत्र में बच्चों से मारपीट, गाली-गलौज, कथित जातिसूचक टिप्पणी, शिक्षकों से दुर्व्यवहार, निजी काम करवाने, बिना अनुमति अनुपस्थित रहने, पढ़ाई प्रभावित करने, सरकारी सामग्री के कथित दुरुपयोग और प्रशासनिक अनियमितताओं सहित कुल 12 बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन सभी आरोपों की विभागीय जांच की गई। निलंबन आदेश के साथ जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को एक सप्ताह के भीतर आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

खदानों में सुरक्षा संस्कृति को मिलेगा नया आयाम

■ भिलाई इस्पात संयंत्र में माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान कार्यशाला शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के सीजी ग्रुप ऑफ माइंस के लिए आयोजित पाँच दिवसीय माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एमएसएमपी) इम्प्लीमेंटेशन एवं रिव्यू प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का शुभारंभ राजहरा स्थित माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर में हुआ। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर और मुख्य महाप्रबंधक खदान आरबी गहरवार उपस्थित रहे।

कमल भास्कर ने कहा कि माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुरक्षित, दुर्घटनामुक्त और सतत खनन संचालन की आधारशिला है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभवों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। कार्यशाला के प्रथम दो दिनों में दत्ता माइनिंग कंसल्टेंसी के सुरक्षा विशेषज्ञ पूर्व उप महानिदेशक (खदान सुरक्षा) एसके दत्ता ने राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस, दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, झरनदल्ली, महामाया, हिर्री, कलवर, रावघाट और नंदिनी चूना पत्थर खदान के अधिकारियों और वरिष्ठ पर्यवेक्षकों को विस्तृत सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रतिभागियों को माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की तैयारी, क्रियान्वयन, समीक्षा और सतत सुधार की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दूसरे दिन हाल ही में ओडिशा और झारखंड समूह की खदानों में हुई विद्युत दुर्घटनाओं के संदर्भ में खदानों में विद्युत सुरक्षा विषय पर विशेष तकनीकी सत्र आयोजित किया गया।

जंतर- मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे युवाओं पर लाठी चार्ज और राहुल गांधी समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए महाराजा चौक में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी ज़रीता लैतफ्लांग विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे युवाओं के समर्थन में नारे लगाए। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छात्रों की गिरफ्तारी और लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। ज़रीता लैतफ्लांग ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता तानाशाही के सामने नहीं झुकेंगे। युवा, किसान और आमजन के हक के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेगी। ब्लाक अध्यक्ष गुरुदीप भाटिया ने कहा कि महाराजा चौक से आज साफ संदेश गया है कि दुर्ग की जनता दिल्ली के जंतर मंतर में युवाओं से हुए अन्याय के खिलाफ एकजुट है। हाथों में तिरंगा और कांग्रेस का झंडा लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, क्षितिज चंद्राकर, राय सिंग ढिकोला, संजय कोहले, अल्ताफ अहमद, मनीष बघेल, आनंद कपूर ताम्रकार, राजेश यादव, प्रेमलता साहू, कन्या ढीमर, अजय शर्मा, अजय मिश्रा, सुशील भारद्वाज उपस्थित थे।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को कांवर यात्रा में शामिल होने बोल बम समिति ने दिया आमंत्रण

पाटन/नवप्रदेश। बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन के संयोजक व भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर 17 अगस्त को विशाल बोल बम कांवर यात्रा महोत्सव में शामिल होने आमंत्रित किया है। वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों और आयोजन के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को पाटन से टोलाघाट तक हजारों शिवभक्तों की सहभागिता से भव्य कांवर यात्रा निकाली जाएगी। समिति संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बोल बम के जयघोष के साथ पाटन से टोलाघाट तक पैदल यात्रा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए जितेन्द्र वर्मा व बोल बम कांवर यात्रा समिति के सदस्यों को आयोजन के लिए बधाई दी।

एक मुट्ठी दान, भगवान शंकर के नाम से बनेगा महाप्रसाद

कांवर यात्रा के दिन एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से शिवभक्तों द्वारा प्राप्त दान से महाप्रसाद बनाया जाएगा। कांवर यात्रा में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करने हजारों श्रद्धालु टोलाघाट पहुंचते है। एक मुट्ठी दान के लिए भक्त स्वेच्छा से आगे बढ़कर एक मुट्ठी अन्नदान कर रहे है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 40,000 से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

सेंट्रल एवेन्यू में पेड़ से टकराई बेकाबू कार, 2 युवकों की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। गुरुवार को सुबह 5 बजे एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ से टकराने के कारण चालक दीपक दास (23) पिता राजबली गुप्ता, सड़क नंबर-50, सेक्टर-6 भिलाई और कौशिक दास (15) पिता स्व. चंदन दास, सड़क नंबर-33, सेक्टर-6 भिलाई की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गुरुवार को सुबह कार से निकले थे। सेक्टर 8 से ग्लोब चौक की तरफ जाते समय तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और हादसे में दोनों की मौत हो गई। कार दीपक गुप्ता चला रहा था जबकि उसके बगल में कौशिक दास बैठा था। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार कार से शराब की बोतलें और नमकीन भी बरामद किया गया है। भिलाई नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी, इसकी जांच की जा रही है।

मकान में लगी भीषण आग

दुर्ग/नवप्रदेश। अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटी में रामचरण के मकान में अचानक आग लग गई। पूरे मकान में आग फैल गई और लपटें निकलने लगी। घटना की सूचना मिलने पर जिला अग्निशमन विभाग की दो दमकल गाडियां मौके पर पहुंचीं।

बीएसपी का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने की दिशा में दुर्ग जिला चिकित्सालय के सहयोग से दुर्ग जिले के गोढ़ी और खोपली गांवों में निःशुल्क चिकित्सा जांच व स्वास्थ्य परामर्श शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जिले के धमधा विकासखंड स्थित ग्राम गोढ़ी में आयोजित चिकित्सा शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग से चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, राकेश कुमार और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) गुलेश्वरी साहू ने सेवाएं दी। शिविर में कुल 40 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट मनीष देशमुख, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा और विवेक ध्रुव ने सेवाएं दीं।

कैट की बैठक में व्यापारियों को दी भारत मंडपम अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर की जानकारी

भिलाई/नवप्रदेश। कॉन्फेडरेशन आफऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ कार्य समिति व प्रदेश अध्यक्षों की संयुक्त बैठक में कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स और भारत सरकार के संयुक्त प्रयासों से नई दिल्ली मध्य में आयोजित किये जा रहे भारत मंडपम अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर के संदर्भ में व्यापारियों को जानकारी दी गई। ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को दिल्ली के ट्रेड फेयर में शामिल होने का निमंत्रण देने के निर्देश दिये गए। भिलाई का प्रतिनिधित्व ज्ञानचंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टीम कैट छत्तीसगढ़, भिलाई प्रभारी दिनेश सिंघल, कैट के भिलाई अध्यक्ष सुरेश रतनानी, महासचिव सुरेंद्र कपूर और राम कुमार गुप्ता शामिल हुए। ज्ञानचंद जैन ने नेशनल ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष जे सुनील सिंघी और टीम कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेशनल ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के सम्मानित वरिष्ठ सदस्य अमर परवानी को भिलाई के व्यापारियों की ओर से बधाई और साधुवाद दिया गया, जिनके प्रयासों से टाउनशिप से संबंधित समस्याओं के निराकरण में मदद मिली। अमर परवानी ने भिलाई के व्यापारियों की प्रशंसा करते हुए उनकी जागरूकता की सराहना की। प्रदेश स्तरीय आयोजन में प्रदेश के विभिन्न शहरों से अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने भागीदारी दी।

बैठक: शहर के 30 उद्यानों का होगा संधारण, महापौर ने की पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की समीक्षा

1500 पौधों के रोपण और दो वर्ष तक देखरेख की बनेगी योजना

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने आज पर्यावरण संरक्षण एवं शहर के उद्यानों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह उपस्थित रहे। बैठक में शहर को अधिक हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में शहर के लगभग 30 उद्यानों के संधारण और रखरखाव का ठेका देने का निर्णय लिया गया। उद्यानों में नियमित सिंचाई के लिए नल कनेक्शन उपलब्ध कराने, आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था करने और उद्यानों के रखरखाव हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निगम परिसर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण और सौंदर्यीकरण कार्य कराने पर जोर दिया गया।

महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान को शहर में प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रारंभिक चरण में 15 वार्डों का चयन कर विशेष पौधारोपण अभियान चलाने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने पूर्व वर्षों में लगाए गए पौधों, उनकी वर्तमान स्थिति और संबंधित योजनाओं में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि बची हुई राशि का उपयोग नए पौधारोपण कार्यों में किया जा सके।

बैठक में 1500 पौधों के रोपण का प्रस्ताव तैयार कर ठेका पद्धति से कार्य कराने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत लगाए जाने वाले प्रत्येक पौधे की दो वर्षों तक देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी, जिससे पौधों का बेहतर विकास सुनिश्चित हो सके। पौधारोपण के साथ प्रत्येक पौधे के लिए ट्री गार्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए। प्रस्तावित पौधों में लगभग 500 नीम व करंज के छह फीट ऊंचाई वाले पौधे सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधे शामिल किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर विकसित करना है। दुर्ग शहर अधिक हरा-भरा, स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का लक्ष्य है।

छत्तीसगढ़ को जल्द मिलेगी पहली राजकीय तितली, मतदान से होगा फैसला, 31 अगस्त तक मतदान

वनमंत्री केदार कश्यप ने की प्रदेशवासियों से भागीदारी की अपील



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अपनी पहली राजकीय तितली चुनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इसके लिए प्रदेशवासियों से ऑनलाइन मतदान के माध्यम से सुझाव मांगे हैं। नागरिक अपनी पसंद की तितली के लिए तश्शद्द्यद्ग स्न्रश्हद्ध के माध्यम से 31 अगस्त 2026 तक मतदान कर सकते हैं। वनमंत्री केदार कश्यप की पहल पर शुरू की गई इस प्रक्रिया का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और तितलियों के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता और वन्यजीवों का संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। जनभागीदारी से राजकीय तितली का चयन होने से लोगों में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

तीन तितली प्रजातियां दौड़ में: राजकीय तितली के चयन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने वैज्ञानिक और पारिस्थितिक मानकों के आधार पर तीन तितली प्रजातियों का चयन किया है। इनमें कॉमन बैंडेड पीकॉक , ऑरेंज ओकलीफ और स्पॉट स्वोर्डटेल शामिल हैं।

इन तितली प्रजातियों का चयन राज्य में उनकी उपलब्धता, पारिस्थितिक महत्व, संरक्षण मूल्य, विशिष्टता, आसानी से पहचान में आने और आमजन के आकर्षण जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया गया है।

जनमत और विशेषज्ञों की अनुशंसा से होगा चयन

वन विभाग द्वारा नागरिकों की राय जानने के लिए ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपनी पसंद की तितली के पक्ष में मतदान कर सकता है। प्राप्त जनमत और विशेषज्ञ समिति की अनुशंसाओं के आधार पर राजकीय तितली के चयन का अंतिम प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों से भी भागीदारी की अपील

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने प्रदेश के सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, प्रकृति प्रेमियों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। विभाग ने लोगों से अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है, ताकि छत्तीसगढ़ की जैव विविधता के इस महत्वपूर्ण प्रतीक का चयन व्यापक जनभागीदारी से हो सके।

न्यूज गैलरी

शादी समारोह से लौट रहे परिवार की कार खंभे से टकराई, इंजीनियरिंग छात्रा की मौत, 5 लोग गंभीर घायल

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा की जान चली गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में हिन्दू होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। मृतका की पहचान शारदा पाटिल (21) के रूप में हुई है। वह बिलासपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी और अपनी बुआ की शादी में शामिल होने के लिए घर आई थी। जानकारी के मुताबिक, डौंडी नगर के बन्धियापारा निवासी रंजीत सिंह पाटिल अपने परिवार के साथ चिपरा गांव में आयोजित चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 बीएम 1040 से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान हिन्दू होटल के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार शारदा पाटिल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की सूचना के बाद दल्लीराजहरा पुलिस मौके पर पहुंची।

जेल से दो बार फरार सजायाफ्ता बंदी एक सप्ताह की रेकी के बाद गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल जगदलपुर से फरार 05 वर्ष 03 माह की सजा भुगत रहे सजायाफ्ता बंदी को बस्तर पुलिस ने करीब चार माह बाद नारायणपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इससे पहले भी दंतेवाड़ा जेल और इलाज के लिए डिमरापाल अस्पताल लाए जाने के दौरान फरार हो चुका था। पुलिस टीम ने नारायणपुर जिले में करीब एक सप्ताह तक लगातार निगरानी और रेकी करने के बाद घेराबंदी कर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार बंदी की पहचान महेंद्र दीवान (25), निवासी चितालंका कलारपारा,दंतेवाड़ा के रूप में हुई है। वह दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 104/2024 में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 331 (4) और 305 (5) के तहत न्यायालय द्वारा 05 वर्ष 03 माह के कारावास से दंडित किया गया था। इसके अलावा उसके विरुद्ध कांकेर,दंतेवाड़ा और परपा थाना क्षेत्र में चोरी से जुड़े तीन प्रकरण भी लंबित हैं। दंतेवाड़ा जेल से स्थानांतरण के बाद 4 जनवरी 2026 को उसे केंद्रीय जेल जगदलपुर में निरुद्ध किया गया था। इसी दौरान 25 मार्च 2026 को वह जेल से फरार हो गया। मामले में कोतवाली थाना जगदलपुर में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम को सूचना मिली कि आरोपी नारायणपुर जिले में छिपा हुआ है। साइबर सेल की टीम ने वहां लगातार निगरानी रखते हुए उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

रकम दोगुनी करने का झांसा देकर लोगों से ठगे 2 करोड़, आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरिशंकर गुप्ता और उसकी पत्नी रेखा गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि, दोनों ने निवेशकों को शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाकर रकम दोगुनी करने का भरोसा दिलाया और करीब 2 करोड़ 4 लाख 97 हजार 502 रुपये अपने खातों में जमा करा लिए। पुलिस के मुताबिक, चांपा निवासी हेमदत्त केशरवानी ने 24 मई 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि, मारुति विहार कॉलोनी निवासी हरिशंकर गुप्ता और रेखा गुप्ता ने उन्हें और अन्य लोगों को शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिया। इसके बाद चेक और आरटीजीएस के जरिए बड़ी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा ली। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने निवेशकों को कुल 39 लाख 99 हजार 400 रुपये वापस किए, लेकिन बाकी रकम लौटाने में लगातार बहाने बनाते रहे। जब काफी समय बाद भी पैसे वापस नहीं मिले तो पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की।

छोटेराजपुर में आवारा कुत्ते का आतंक मां-बेटी समेत पांच लोग घायल

फरसगांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम छोटेराजपुर में बुधवार को एक आवारा कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में दो महिलाओं को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेराजपुर निवासी फूलो बाई और उनकी बुजुर्ग मां सनबती नेताम घर के सामने कमरे में बैठी थीं। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और सनबती नेताम पर हमला कर दिया। मां को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची फूलों बाई को भी कुत्ते ने हाथ में काट लिया। हमले में सनबती नेताम की आंख, होंठ, नाक और उंगली पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि फूलों बाई की उंगली में गहरा घाव हुआ है। दोनों को पहले फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया।

जंगल जाने से बच रहे ग्रामीण, सुबह और शाम के समय सतर्कता बरते की अपील

बिलोरी गांव में शेर के पंजों के निशान मिलने से दहशत

लगातार वन्यजीव की मौजूदगी की सूचनाओं से बढ़ी चिंता

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर के ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों की मौजूदगी को लेकर एक बार फिर दहशत का माहौल है। बिलोरी गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को शेर जैसे बड़े वन्यजीव के पंजों के निशान दिखाई दिए। ग्रामीणों ने इसकी तस्वीरें लेकर वन विभाग को सूचना दी है। पंजों के निशान मिलने के बाद गांव में चर्चा और भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार,पिछले कुछ समय से इसी क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को लेकर लगातार सूचनाएं सामने आती रही हैं। अब गांव के आसपास पंजों के निशान मिलने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। लोग जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं तथा विशेष रूप से सुबह और शाम के समय सतर्कता बरत रहे हैं।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मौके पर पहुंचकर पंजों के निशान की जांच कराने और क्षेत्र में वन्यजीव की वास्तविक मौजूदगी का पता लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि क्षेत्र में बाघ या कोई अन्य बड़ा वन्यजीव सक्रिय है तो विभाग को तत्काल निगरानी बढ़ानी चाहिए, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके।

ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद अब वन विभाग की टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किए जाने की संभावना है। विशेषज्ञों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मिले पंजों के निशान किस वन्यजीव के हैं। फिलहाल ग्रामीणों को जंगल और सुनसान इलाकों में अकेले नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

बिलोरी गांव में पंजों के निशान से ग्रामीणों में भय

सुबह ग्रामीणों को गांव के आसपास बड़े वन्यजीव के पंजों के निशान दिखाई दिए। तस्वीरें वन विभाग को भेजकर सूचना दी गई। क्षेत्र में पहले भी बाघ की मौजूदगी की खबरें मिलती रही हैं। नए निशान मिलने के बाद ग्रामीण जंगल जाने से बच रहे हैं और वन विभाग से तत्काल जांच व निगरानी की मांग कर रहे हैं। यदि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पंजों के निशान की पहचान या कैमरा ट्रैप से संबंधित कोई जानकारी देती है, तो समाचार को और अधिक प्रभावशाली तथा तथ्यात्मक रूप से अपडेट किया जा सकता है।

बंदूक की नोक पर कारोबारी का अपहरण, 10 लाख की उगाही!

दिनदहाड़े पिटाई कर बनाया वीडियो, बच्चों की हत्या की धमकी से दहला नवापारा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा में एक कारोबारी के साथ कथित रूप से बंदूक की नोक पर अपहरण कर 10 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने, बेरहमी से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित व्यवसायी ने घटना के दो दिन बाद थाना गोबरा नवापारा तथा पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर गुलजार खान और उसके एक साथी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 20 जुलाई 2026 की शाम करीब 7 बजे व्यवसायी अपने कर्मचारी के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गुलजार खान और उसका एक साथी स्कूटी से पहुंचे, पहले कर्मचारी से विवाद किया और फिर बंदूक दिखाकर व्यवसायी को जबरन स्कूटी में बैठाकर अगवा कर लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी उसे तर्री स्थित कुबेर कैंटीन के बेसमेंट में ले गए, जहां बंदूक के बट से हमला किया, बाल पकड़कर कई थप्पड़ मारे और मारपीट का वीडियो बनाया। आरोप है कि इस दौरान 10 लाख रुपये की मांग की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने डर के माहौल में व्यापारी से परिचित व्यक्ति के माध्यम से 10 लाख रुपये की व्यवस्था करवाई। खून से सने कपड़े उतरवाकर नई शर्ट पहनाई गई, पुराने कपड़े नाले में फेंक दिए गए तथा पर्स में रखे 1,500 रुपये भी छीन लिए गए। इसके बाद कथित तौर पर जबरन ऐसा वीडियो भी बनवाया गया जिसमें पूरी घटना को आपसी लेन-देन का मामला बताया गया, ताकि पुलिस में शिकायत न की जा सके। व्यवसायी का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस या किसी अन्य व्यक्ति के पास गए तो उनके बच्चों की हत्या कर शव थाने के सामने फेंक दिए जाएंगे। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मारपीट में नाक, कान और आंखों में गंभीर चोटें आई हैं तथा चिकित्सकीय परीक्षण से इसकी पुष्टि हो सकती है।

पीड़ित ने आवेदन में दावा किया है कि घटना पूर्व नियोजित थी। उसके अनुसार आरोपी पहले से उसकी रेकी कर रहे थे और उसके बाद सुनियोजित तरीके से अपहरण कर रंगदारी की वारदात को अंजाम दिया गया।

पूर्व चालक ने ही चुराई 12 लाख की पिकअप, सीसीटीवी से खुला राज

48 घंटे में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को दबोचा, पल्ली नाका के पास छिपाकर रखा वाहन बरामद

जगदलपुर/नवप्रदेश। संजय मार्केट टैक्सी स्टैंड के पास पार्किंग से चोरी हुई करीब 12 लाख रुपए कीमत की अशोक लीलैंड पिकअप को कोतवाली पुलिस ने 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। पुलिस ने चोरी के आरोप में वाहन के पूर्व चालक करन नाग उर्फ लक्की नाग (23) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार 20 जुलाई की रात संजय मार्केट पार्किंग से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 17 एलसी 6937 चोरी हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने संजय मार्केट सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर संदेह वाहन के पूर्व चालक करन नाग पर गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश करते हुए उसे पल्ली नाका के पास पकड़ा। पूछताछ में उसने वाहन चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई पिकअप को छिपाकर रखे स्थान से बरामद कर लिया गया। आरोपी करन नाग मूल रूप से ग्राम पतोड़ा, थाना फरसगांव,जिला कोंडागांव का निवासी है और वर्तमान में कुम्हारपारा,जगदलपुर में रह रहा था। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उपनिरीक्षक अरुण मरकाम व प्रमोद ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजू टोप्पो व विनोद चांदने तथा आरक्षक सोनू गौतम, कृष्णा नेताम और राजू बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई में गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक सेक्टर-6 निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना सुबह करीब 4 बजे सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर गुंडिचा मंडप के सामने, सेक्टर-9 से सेक्टर-6 जाने वाली सड़क पर हुई। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजा 07 एमबी 5986 तेज रफ्तार में थी और इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को कार के अंदर शराब की बोतलें और नमकीन के पैकेट भी मिले हैं। हालांकि, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसका वास्तविक कारण क्या था, यह पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

7 दिन में अंधे हत्याकांड का खुलासा, दोस्त ही निकला कातिल, पत्थर से की थी हत्या

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी स्थित नायक ढाबा के पास मिले अज्ञात युवक के हत्याकांड का महज सात दिनों के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में मृतक का दोस्त ही हत्या का आरोपी निकला। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना पत्थर, मृतक की मोटरसाइकिल और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार 15 जुलाई 2026 को ग्राम बंजारी स्थित नायक ढाबा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर बोड़ला थाना में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। बाद में मृतक की पहचान उदय प्रताप सिंह राजपूत (34 वर्ष), निवासी लवकुश नगर, जामुल, जिला दुर्ग के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर और सीने पर गंभीर चोटों के कारण हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के निर्देशन में थाना बोड़ला और साइबर टीम की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान परिजनों से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्य और भोरमदेव क्षेत्र सहित 40 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि मृतक आखिरी बार अपने मित्र हीरासिंह उर्फ बउवा केंवट (45 वर्ष), निवासी जामुल, जिला दुर्ग के साथ मोटरसाइकिल पर देखा गया था।

संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि 14 जुलाई को वह मृतक को शराब पीने और घूमने के बहाने भोरमदेव-चिल्फी घाटी की ओर ले गया था। रास्ते में मोटरसाइकिल से गिरने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर उसने ग्राम बंजारी के पास पत्थर से मृतक के सिर और सीने पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी तथा शव वहीं छोड़कर मृतक की मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।

आस्था : गरियाबंद जिले के अमलीपदर की रथयात्रा आस्था और संस्कृति की अमूल्य धरोहर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

महतारी वंदन योजना से माताओं और बहनों का बढ़ा आत्मविश्वास : साय

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

गरियाबंद/नवप्रदेश। अमलीपदर की ऐतिहासिक रथयात्रा छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भगवान श्री जगन्नाथ सबको साथ लेकर चलने और लोककल्याण का संदेश देते हैं। महाप्रभु का आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे, यही उनकी प्रार्थना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज गरियाबंद जिले के अमलीपदर में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा महापर्व को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए और भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन महाराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की रही सहभागिता: रथयात्रा महापर्व में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों, भक्ति संगीत और जयघोषों के बीच पूरा अमलीपदर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उईके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

बाल्टीजोर नाले पर बनेगा पुल

क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बाल्टीजोर नाले पर पुल निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को वर्षभर सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में बड़ी राहत मिलेगी।

जनसमस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चौबीसों घंटे कार्य कर रही है। शासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वे स्वयं प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा करते हैं। अब तक 42 हजार से अधिक शिकायतों का निराकरण हो चुका है।

बिजली बिल समाधान योजना की अवधि सितंबर तक बढ़ी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अंतिम तिथि, जो जून माह तक निर्धारित थी, उसे उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन माह बढ़ाकर सितंबर तक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए संवेदनशीलता के साथ निर्णय ले रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com